| सर्वेक्षकों के नाम | 1. |
| --- | --- |
| | 2. |

Annual Status of Education Report
असर ASER 2014 RURAL
Facilitated by PRATHAM

# निर्देश पुस्तिका









# विषय सूची


**A. असर क्या है?** 1

**B. असर 2014 की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण** 2

**C. गाँव में जाकर क्या करें?** 3-6

1. गाँव की जानकारी कैसे इकट्ठा करें
2. गाँव का नक्शा कैसे बनाएँ और उसे हिस्से/मुहल्लों में कैसे बाँटें
3. हर हिस्से/मुहल्ले में जाकर क्या करें

**D. हर घर में क्या करें?** 8-11

1. सामान्य जानकारी
2. घर में रहने वाले बच्चों और वयस्कों से संबंधित जानकारी
3. घरेलू संकेतक

**E. बच्चों के साथ क्या करें?** 12-17

1. सामान्य निर्देश
2. पढ़ने की जाँच कैसे करें
3. गणित की जाँच कैसे करें
4. अंग्रेज़ी की जाँच कैसे करें

**F. विद्यालय में जाकर क्या करें?** 20-26

सामान्य निर्देश

1. बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति
2. विद्यालय में पढ़ाई का माध्यम (official)
3. शिक्षक
4. कक्षा का अवलोकन
5. मध्याह्न भोजन (MDM)
6. सुविधाओं का अवलोकन
7. शौचालय
8. सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE)
9. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC)
10. विद्यालय विकास योजना (SDP)
11. विद्यालय अनुदान की जानकारी (SSA)

12A. SSA का वार्षिक अनुदान

12B. विद्यालय में की गई गतिविधियाँ

**G. असर 2014 की प्रतिज्ञा**

# A. असर क्या है?

**क्या बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं?**
**क्या बच्चे पढ़ सकते हैं?**
**क्या बच्चे गणित के बुनियादी प्रश्न हल कर सकते हैं?**
**हर साल असर इन प्रश्नों के उत्तर देता है।**

## असर 2014 - ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एज्युकेशन रिपोर्ट

## असर क्यों किया जाता है?

भारत में 6-14 आयु वर्ग के 96.7% बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि देश के लगभग सभी बच्चे विद्यालय में नामांकित हों। अब हमें इस बात पर ध्यान देने की ज़रूरत है कि क्या बच्चे अच्छे से सीख रहे हैं।

हर साल भारत का हर नागरिक प्रारंभिक शिक्षा के लिए 2% कर अदा करता है। नागरिक होने के नाते हमें यह पता होना चाहिए कि क्या शिक्षा पर हो रहे खर्च और मेहनत का कुछ परिणाम हासिल हो रहा है। बच्चे विद्यालयों में नामांकित हैं, पर क्या वे सीख रहे हैं? वर्तमान स्थिति को जानने और समझने के बाद ही उपयुक्त काम किया जा सकता है।

## असर क्या है?

असर (ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एज्युकेशन रिपोर्ट) नागरिकों द्वारा किया जाने वाला भारत का सबसे बड़ा वार्षिक सर्वेक्षण है जिससे यह पता लगता है कि क्या बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं और क्या वे सीख रहे हैं। 5-16 आयु वर्ग के बच्चों के पढ़ने की और बुनियादी गणित की जाँच की जाती है। 3-4 आयु वर्ग के बच्चों के लिए हम केवल यह पूछते हैं कि क्या वे आंगनवाड़ी या पूर्व प्राथमिक विद्यालय में नामांकित हैं। यह सर्वेक्षण घरों में किया जाता है।

असर भारत के हर ग्रामीण ज़िले में बच्चों का एक निरूपक सैम्पल है। प्रत्येक वर्ष देश के लगभग 16,000 गाँवों में 6 लाख से अधिक बच्चों का सर्वेक्षण किया जाता है।

असर की एक विशेषता यह है कि हर ज़िले में एक स्थानीय संस्था यह सर्वेक्षण करती है। प्रत्येक वर्ष 500 से अधिक संस्थाओं के लगभग 25,000 से 30,000 स्वयंसेवक असर करते हैं। असर देश में लोगों की भागीदारी से किए जाने वाले सबसे बड़े अभ्यासों में से एक है। अपने ज़िले में असर के साथ जुड़कर लोग एक व्यापक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रयास में सहयोग देते हैं।
असर की शुरुआत 2005 में हुई थी और तब से यह हर वर्ष किया जा रहा है। 2014 असर का दसवां साल है।

## असर 2013 के प्रमुख निष्कर्ष क्या थे?

**ग्रामीण भारत में 96.7% बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं परन्तु राष्ट्रीय आंकड़े दर्शाते हैं किः**

- कक्षा 5 के आधे से ज़्यादा बच्चे कक्षा 2 के स्तर का पाठ धाराप्रवाह नहीं पढ़ सकते हैं।
- कक्षा 5 के लगभग आधे बच्चे कक्षा 2 के स्तर का सरल घटाव का प्रश्न हल नहीं कर सकते हैं।

**असर रिपोर्ट में ऐसे आंकड़े हर राज्य और हर कक्षा के लिए उपलब्ध हैं।**

## असर का क्या असर रहा है?

असर की राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर व्यापक चर्चा होती है। कई राज्य सरकारें प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित कार्य योजना तैयार करने के लिए असर के आंकड़ों का प्रयोग करती हैं। असर का उल्लेख भारत सरकार की 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) और भारत का आर्थिक सर्वेक्षण (2013-2014) में किया गया है। कई राज्यों में, गाँव के स्तर पर स्वयंसेवक बच्चों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं। असर से प्रेरित होकर, अन्य देश जैसे कि पाकिस्तान, केन्या, तंजानिया, युगांडा, माली, सेनेगल और मेक्सिको असर जैसे प्रयास कर रहे हैं।

**अधिक जानकारी के लिएः** हमारी वेबसाइट www.asercentre.org देखें

असर सेन्टर, B4/54, सफ़दरजंग एनक्लेव, नई दिल्ली 110029

फोन नंः 011-46023612, 011-26716084 ई-मेलः contact@asercentre.org

**असर सेंटर प्रथम की स्वशासित अनुसंधान और मूल्यांकन इकाई है (www.pratham.org)**

# B. असर 2014 की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण

एक गाँव में असर का सर्वेक्षण दो दिन में किया जाएगा। सर्वेक्षण का पहला दिन ऐसा हो जब स्कूल खुला हो (जहाँ तक संभव हो शनिवार) और दूसरा दिन छुट्टी का दिन हो (जहाँ तक संभव हो रविवार)।

**एक गाँव में असर सर्वेक्षण की पूरी प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण चरणबद्ध तरीके से नीचे दिया गया है:**

असर मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए *गाँव में दो सर्वेक्षकों की टीम जाएगी*। सर्वेक्षक ट्रेनिंग में दिए गए गाँव के पैक (Village Pack) की पूरी सामग्री सर्वेक्षण के दौरान गाँव में लेकर जाएँ।

↓

गाँव में पहुँचने के बाद सर्वेक्षक *सरपंच/गाँव के किसी अन्य प्रतिनिधि से मिलें* और निम्नलिखित काम करें:
- स्पष्ट रूप से समझाएँ कि असर क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है।
- उन्हें 'सरपंच के नाम का पत्र' दें और उनसे गाँव में सर्वेक्षण करने की अनुमति लें।

↓

इसके बाद सर्वेक्षक *पूरे गाँव का भ्रमण करें* और निम्नलिखित काम करें:
- पूरे गाँव का एक कच्चा नक्शा बनाएँ और उस पर मुख्य स्थान चिन्हित करें। पूरे गाँव के भ्रमण के बाद सर्वेक्षक सर्वेक्षण पुस्तिका पर पक्का नक्शा बनाएँ।
- अपने अवलोकन के आधार पर गाँव की जानकारी प्रपत्र भरें।

↓

सर्वेक्षक 1-7/8 की कक्षाओं वाले *सरकारी स्कूल में जाएँ* और निम्नलिखित काम करें:
- मुख्य अध्यापक/वरिष्ठ शिक्षक से मिलें और उन्हें समझाएँ कि असर क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है।
- उन्हें 'मुख्य अध्यापक के नाम का पत्र' दें और उनसे विद्यालय की जानकारी लेने की अनुमति लें।
- विद्यालय की जानकारी लें और उसे विद्यालय अवलोकन प्रपत्र पर दर्ज करें।

↓

इसके बाद सर्वेक्षक *घरों का सर्वेक्षण शुरू करें।* सर्वेक्षक:
- नक्शे को 4 हिस्सों में बाँटें या 4 मुहल्ले चुनें।
- 'हर पाँचवें घर के नियम' का पालन करते हुए प्रत्येक हिस्से/मुहल्ले में 5 घरों को रैंडम रूप से चुनें।
- चयनित हिस्से/मुहल्लों से कुल 20 घरों का सर्वेक्षण करें।

↓

प्रत्येक चयनित घर में जाकर सर्वेक्षक निम्नलिखित काम करें:
- 3-16 आयु वर्ग के बच्चों की जानकारी नोट करें।
- 5-16 आयु वर्ग के बच्चों की बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच दिए गए टेस्टिंग टूल से करें। **बच्चों की जाँच केवल घर में ही की जाएगी।**
- घर की परिसंपत्ति (Assets) की जानकारी नोट करें।

↓

20 घरों का सर्वेक्षण समाप्त करने के बाद सर्वेक्षक पूर्ण रूप से भरी हुई सर्वेक्षण पुस्तिका तुरंत असर मास्टर ट्रेनर को दें।

# C. गाँव में जाकर क्या करें?

## भाग 1: गाँव की जानकारी कैसे इकट्ठा करें

**उद्देश्यः** आप जिस गाँव का सर्वेक्षण करने जा रहे हैं उसकी मुख्य बातों को समझने के लिए।

आपको एक गाँव का नाम दिया जाएगा। एक गाँव में दो सर्वेक्षक जाएंगे। आप सर्वेक्षण के लिए उसी गाँव में जाएँ जिसका नाम आपको दिया गया है।

गाँव के सरपंच से मिलें और उन्हें 'सरपंच के लिए पत्र' देते हुए समझाएँ कि असर क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है। यदि सरपंच मौजूद न हों, तो गाँव के किसी अन्य प्रतिनिधि जैसे कि पंचायत सचिव से मिलें। उन्हें असर की जानकारी देने और उनसे सर्वेक्षण के लिए सहायता माँगने के बाद, गाँव की जानकारी प्राप्त करने के लिए गाँव में घूमना शुरू करें।

- जब आप गाँव में घूम रहे हैं, तो अवलोकन करें कि क्या आप नीचे दी गई सुविधाओं को देख पाते हैं। यदि यह सुविधाएँ आपको दिखती हैं, तो उचित खाने में सही का निशान लगाएँ। यदि आप इन सुविधाओं को स्वयं नहीं देख पाते हैं, तो गाँव के लोगों से पूछें परन्तु खुद इसको सत्यापित करें।

- गाँव की जानकारी प्रपत्र पर राज्य, ज़िला, ब्लॉक/तालुका, गाँव, सर्वेक्षकों के नाम, सर्वेक्षण का दिनाँक और दिन लिखें।

**उदाहरणः**

**गाँव की जानकारी प्रपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| राज्य का नामः | महाराष्ट्र | ब्लॉक का नामः | देवली |
| ज़िले का नामः | वरधा | गाँव का नामः | वैफाद |
| सर्वेक्षकों के नामः | | 1. शालिनी | |
| | | 2. मुस्कान | |
| सर्वेक्षण का दिनांकः | 09.08.2014 | सर्वेक्षण का दिनः | शनिवार |

| | उचित स्थान पर सही (✓) का निशान लगाएँ | क्या आपने गाँव में निम्नलिखित सुविधाओं को खुद देखा? (अपने अवलोकन के आधार पर हाँ/नहीं पर निशान लगाएँ) | | निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| बुनियादी सेवाएँ | क्या गाँव में जाने के लिए पक्की सड़क है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में बिजली का कनेक्शन है? | हाँ ✓ | नहीं | बिजली के खंभे और तार इत्यादि को देखें। |
| | क्या गाँव में डाकघर है? | हाँ | नहीं ✓ | डाकघर की बिल्डिंग और संकेतक बोर्ड को देखें। |
| | क्या गाँव में बैंक (किसी भी प्रकार का) है? | हाँ | नहीं ✓ | किसी भी प्रकार का बैंक (सरकारी/निजी/कॉपरेटिव) |
| | क्या गाँव में सरकारी राशन/PDS की दुकान है? | हाँ | नहीं ✓ | सिर्फ सरकारी राशन/PDS (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) की दुकान होनी चाहिए। |
| | क्या गाँव में सरकारी स्वास्थ्य/उप स्वास्थ्य केंद्र (PHC/Sub Centre) है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में निजी स्वास्थ्य केंद्र है? | हाँ ✓ | नहीं | किसी भी प्रकार का क्लीनिक/चिकित्सक होना चाहिए जिससे यह पता चल सके कि गाँव में निजी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। (इसमें हकीम, वैद्य इत्यादि को शामिल न करें) |
| | क्या गाँव में कम्प्यूटर सेंटर/इंटरनेट कैफे है? | हाँ | नहीं ✓ | गाँव में कम्प्यूटर केन्द्र/इंटरनेट कैफे है या नहीं। (किसी के घर का कम्प्यूटर (निजी) और विद्यालय के कम्प्यूटर को इसमें शामिल न करें) |
| | क्या गाँव में सौर ऊजा (solar energy) का प्रयोग करने वाला उपकरण/सुविधा (निजी/सार्वजनिक) है? | हाँ | नहीं ✓ | गाँव में सौर ऊर्जा के उपकरण को देखने का प्रयास करें भले ही वह उपकरण सार्वजनिक उपयोग के लिए न हो। |
| विद्यालय | क्या गाँव में सरकारी प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 4/5 तक) है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 7/8 तक) है? | हाँ | नहीं ✓ | |
| | क्या गाँव में सरकारी माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 10 तक) है? | हाँ | नहीं ✓ | |
| | क्या गाँव में सरकारी विद्यालय (कक्षा 6 से 8/10/12 तक) है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में निजी (private) विद्यालय है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में पूर्व प्राथमिक विद्यालय (आंगनवाड़ी/बालवाड़ी/LKG/UKG/Nursery) है? | हाँ | नहीं ✓ | |

## भाग 2: गाँव का नक्शा कैसे बनाएँ और उसे हिस्से/मुहल्लों में कैसे बाँटें

**उद्देश्य:** नक्शे की मदद से गाँव को विभिन्न हिस्से/मुहल्लों में बाँटने में और रैंडम रूप से घरों का चयन करने में सहायता मिलती है। नक्शे से बाद में रीचेक (Recheck) में भी मदद मिलती है।

पूरे गाँव से 20 रैंडम रूप से चुने हुए घरों की जानकारी लेनी है।

**नक्शा बनाना कैसे शुरू करें: गाँव में भ्रमण करते हुए गाँव के लोगों से बातचीत करें।**

- नक्शा बनाने से पहले गाँव को अच्छी तरह से जानने के लिए पूरे गाँव का भ्रमण करें। **लोगों से बातचीत करें**: गाँव में कितने हिस्से/मुहल्ले हैं? ये कहाँ-कहाँ बसे हैं? गाँव के भ्रमण में बच्चों की सहायता लें। लोगों को असर के बारे में बताएँ। इस घूमने और बातचीत की प्रक्रिया में 1 घंटा या उससे अधिक समय लग सकता है।


**नक्शा**

- **कच्चा नक्शा**: गाँव की आबादी किस तरह से बसी हुई है यह जानकारी लेने के लिए कच्चा नक्शा बनाया जाता है। गाँव के लोगों की सहायता से मुख्य स्थान जैसे कि मंदिर, मस्जिद, नदी, विद्यालय, बस स्टैंड, पंचायत भवन, दुकानें आदि को चिन्हित करें। नक्शे पर गाँव की मुख्य सड़कें/गलियों/रास्तों को स्पष्ट रूप से दर्शाएँ।

- **पक्का नक्शा:** जब सब की सहमति मिल जाए कि आपके द्वारा बनाया गया कच्चा नक्शा गाँव का सही निरूपण है और यह आपके गाँव में घूमने से प्राप्त अनुभव से मिलता है, तो आप इस नक्शे को सर्वेक्षण पुस्तिका में नक्शे के लिए दी गई जगह में बनाएँ।

**नक्शा बनाने के बाद, गाँव को हिस्से/मुहल्लों में निम्नलिखित तरीके से बाँटें:**

**आपके द्वारा बनाए गए गाँव के नक्शे पर हिस्से/मुहल्लों को किस तरह चिन्हित करें और नंबर दें?**




### 1. समान रूप से फैली आबादी वाला गाँव

**यदि गाँव की आबादी समान रूप से फैली हुई है:**

- आप पूरे गाँव को उसकी भौगोलिक स्थिति के अनुसार 4 हिस्सों में बाँटें।
- हर हिस्से को एक नंबर दें और वह नंबर नक्शे पर लिखें।
- हर हिस्से से 5 घरों को चुनें। (दिए गए उदाहरण को देखें)


### 2. विभिन्न हिस्से/मुहल्लों वाला गाँव

**यदि गाँव में विभिन्न हिस्से/मुहल्ले हैं:**

- हर हिस्से/मुहल्ले को एक नंबर दें और वह नंबर नक्शे पर लिखें।

**यदि गाँव में:**

- **2 हिस्से/मुहल्ले हैं:** हर हिस्से/मुहल्ले को 2 हिस्सों में बाँटें और हर हिस्से से 5 घरों को चुनें।
- **3 हिस्से/मुहल्ले हैं:** 2 हिस्से/मुहल्लों से 7-7 घरों को चुनें और 1 हिस्से/मुहल्ले से 6 घरों को चुनें।
- **4 हिस्से/मुहल्ले हैं:** हर हिस्से/मुहल्ले से 5 घरों को चुनें।
- **4 से ज़्यादा हिस्से/मुहल्ले हैं:** रैंडम रूप से कोई भी 4 हिस्से/मुहल्लों को चुनें और प्रत्येक हिस्से में से 5 घरों को चुनें। चुने गए हिस्से/मुहल्ले को नक्शे पर चिन्हित करें (सही का निशान लगाएँ)। (दिए गए उदाहरण को देखें)



## भाग 3: हर हिस्से/मुहल्ले में जाकर क्या करें

**उद्देश्य:** चयनित हिस्से/मुहल्लों में से 20 घरों को रैंडम रूप से चुनने के लिए।

आपके द्वारा चुने हुए हर एक हिस्से / मुहल्ले में से 5 घरों को चुनें। इसके लिए निम्नलिखित कार्यविधि का पालन करें:

- हर चयनित हिस्से/मुहल्ले में जाएँ। उस हिस्से/मुहल्ले का मध्य बिन्दु खोजें और अपनी बाएँ तरफ से घरों का चयन शुरू करें।
- अपनी बाएँ तरफ के पहले घर से शुरू करें। आप हर पाँचवें घर को चुनें। इस घर के सर्वेक्षण के बाद अगले 4 घरों को छोड़ दें और पाँचवें घर को चुनें। घरों का चयन करते समय यह ध्यान रखें कि उन्हीं घरों की गणना की जाए जो आवासीय हैं। 'घर' का मतलब है 'प्रत्येक दरवाज़ा या प्रवेश द्वार' जो सड़क/गली में निकलता हो।
- यदि पाँच घरों के चयन से पहले हिस्से/मुहल्ले की सीमा समाप्त हो जाए, तो फिर से उस हिस्से/मुहल्ले का दौरा चालू करें। 'हर पाँचवें घर' के नियम का पालन करते हुए उस हिस्से का सर्वेक्षण जारी रखें। यदि सर्वेक्षण किया हुआ घर फिर से चुना जाए, तो आप उस घर को छोड़ दें और बगल वाले घर का सर्वेक्षण करें। सर्वेक्षण तब तक जारी रखें जब तक उस हिस्से/मुहल्ले से 5 घरों का सर्वेक्षण न हो जाए।

- यदि किसी चयनित हिस्से / मुहल्ले में 5 से कम घर हैं, तो उस हिस्से / मुहल्ले से सभी घरों का सर्वेक्षण करें और बचे हुए घरों का सर्वेक्षण दूसरे हिस्से/मुहल्लों से करें।
- यदि गाँव में घरों की संख्या 20 से कम है, तो उस गाँव के सभी घरों का सर्वेक्षण करें।


1. **घर में एक से ज़्यादा रसोई:** हर घर में पूछें कि कितनी रसोई/चूल्हे हैं? **यदि एक से ज़्यादा चूल्हा/रसोई हो तो उत्तरदाता[1] का परिवार जिस रसोई से खाता है उसे चुनें।** आप उन्हीं लोगों का सर्वेक्षण करेंगे जो नियमित रूप से उसी चूल्हे से खाना खाते हैं। इस घर का सर्वेक्षण करने के बाद अगले पाँचवें घर में जाएँ (ऐसी स्थिति में सड़क पर अगले घर से गिनती प्रारंभ करें न कि अगले चूल्हे से)।


घर में एक से ज़्यादा रसोई


बिना बच्चे वाला घर

2. **बिना बच्चे वाला घर:** यदि चयनित घर में एक भी बच्चा 3-16 आयु वर्ग का न हो परन्तु घर में अन्य लोग रहते हों, तो ऐसे घर को सर्वेक्षण में शामिल करें। घर के मुखिया का नाम, कुल लोगों की संख्या, घर की परिसंपत्ति (Assets) की जानकारी, उत्तरदाता का नाम और मोबाइल नंबर लें। नक्शे पर दी गई हिस्से/मुहल्ले की संख्या भी लिखें जिससे वह घर लिया गया है। इसके अतिरिक्त, यह पूछें कि क्या घर में किसी ने 12वीं कक्षा पूरी की है और क्या किसी को कम्प्यूटर इस्तेमाल करना आता है। (इन प्रश्नों के लिए पृष्ठ 11 पर दी गई जानकारी को देखें)। **ऐसा घर हर हिस्से/मुहल्ले में से 5 सर्वेक्षण किए गए घरों में गिना जाएगा परन्तु ऐसे घर में माता या पिता की जानकारी नहीं ली जाएगी।**

3. **बन्द घर:** यदि चुना हुआ घर बन्द हो, या घर में कोई नहीं हो, तो इस घर को गाँव संकलन (Village Compilation) प्रपत्र (सर्वेक्षण पुस्तिका के पीछे) पर 'बंद घर' की श्रेणी में दर्ज करें। **यह घर सर्वेक्षण किए गए घरों में नहीं गिना जाएगा। इस घर को सर्वेक्षण शीट में दर्ज न करें।** आप बगल वाले घर में जाएँ।


बन्द घर


कोई प्रतिक्रिया नहीं

4. **कोई प्रतिक्रिया नहीं (No response):** यदि किसी घर के लोग सर्वेक्षण में भाग लेने से मना करते हैं तो उस घर को गाँव संकलन (Village Compilation) प्रपत्र पर 'कोई प्रतिक्रिया नहीं' की श्रेणी में दर्ज करें। **यह घर भी सर्वेक्षण किए घरों में नहीं गिना जाएगा। इस घर को सर्वेक्षण शीट में दर्ज न करें।** आप बगल वाले घर में जाएँ।

[1]उत्तरदाता = चयनित घर में उपस्थित वयस्क व्यक्ति जिससे बातचीत की जा रही हो और जो जानकारी दे रहा हो।

- हर हिस्से/मुहल्ले में 5 घरों का सर्वेक्षण करने के बाद रुक जाएँ।
  अब दूसरे चुने हुए हिस्से/मुहल्ले में जाएँ।
  उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुसार 'हर पाँचवें घर' के नियम का पालन करते हुए घरों को सर्वेक्षण के लिए चुनें।

- इस बात का ध्यान रखें कि आप सर्वेक्षण करने तभी जाएँ जब बच्चों के घर पर होने की संभावना हो।
  इसका अर्थ हुआ कि आप रविवार/छुट्टी वाले दिन या स्कूल समय के बाद ही घरों का सर्वेक्षण करें।

**संक्षेपः गाँव में जाकर क्या करें?**

√ गाँव के सरपंच से मिलें और उन्हें 'सरपंच के लिए पत्र' देते हुए समझाएँ कि असर क्या है।

√ गाँव को समझने के लिए पूरे गाँव में घूमें, अवलोकन करें और उसके अनुसार गाँव की जानकारी प्रपत्र भरें।

√ जब आप गाँव में घूम रहे हों तो नक्शा बनाना शुरू करें।
पहले एक कच्चा नक्शा तैयार करें, फिर उसे सुनिश्चित करें।

√ यदि गाँव हिस्से/मुहल्लों में न बँटा हो, तो गाँव को बताए गए तरीके से 4 हिस्सों में बाँटें।

√ यदि गाँव विभिन्न हिस्से/मुहल्लों में बँटा हो, तो हर हिस्से/मुहल्ले को नक्शे पर एक नंबर दें। किन्हीं 4 हिस्से/मुहल्लों को रैंडम रूप से सर्वेक्षण के लिए चुनें और उन्हें नक्शे पर चिन्हित करें।

√ हर चयनित हिस्से/मुहल्ले में 'हर पाँचवें घर' के नियम के अनुसार सर्वेक्षण करने के लिए घरों को चुनें।
हर चयनित हिस्से/मुहल्ले से 5 घरों का सर्वेक्षण करना है।

√ यदि किसी घर में एक से ज़्यादा रसोई हो, तो उस रसोई को चुनें जहाँ से उत्तरदाता का परिवार खाता हो।

√ यदि चयनित घर में बच्चे न हों, तब भी उस घर को चयनित घरों में शामिल करें और इस घर की परिसंपत्ति (assets) की जानकारी लें।

√ यदि कोई घर बंद हो या उस घर से कोई प्रतिक्रिया न मिले (No response), तो ऐसे घर को चयनित घरों में शामिल न करें और अगले घर को सर्वेक्षण के लिए चुनें।

√ बंद घर और कोई प्रतिक्रिया नहीं (No response) मिलने वाले घरों को गाँव संकलन (Village Compilation) प्रपत्र में दर्ज करें।

√ सर्वेक्षण तब तक जारी रखें जब तक चार विभिन्न हिस्से/मुहल्लों में से कुल 20 घरों का सर्वेक्षण न हो जाए।

# असर 2014 - घर सर्वेक्षण प्रपत्र

राज्य: ________ ज़िला: ________ ब्लॉक: ________ गाँव: ________

भाग-1

| घर का नंबर |
|---|
| |

घर के मुखिया का पूरा नाम ________

परिवार के उन लोगों की कुल संख्या जो एक ही चूल्हे से खाते हैं ☐

| | |
|---|---|
| उत्तरदाता का नाम | |
| नक्शे से हिस्से/मुहल्ले का नंबर और/या हिस्से/मुहल्ले का नाम लिखें | |

सर्वेक्षकों के नाम

1. ________
2. ________

सर्वेक्षण का दिनांक ________

सर्वेक्षण का दिन ________

सर्वेक्षण शुरू करने का समय ________

भाग-2

| क्र. संख्या | माता का नाम | बच्चे की जानकारी (आयु वर्ग 3-16 के लिए): बच्चे का नाम (आयु 3-16 के वे बच्चे जो इस घर में नियमित रूप से रहते हैं) | आयु | लिंग | आयु वर्ग 3-6 के लिए – पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6): आंगनवाड़ी/बालवाड़ी | LKG/UKG/Nursery | न जाने वाले | आयु वर्ग 5-16 के लिए – स्कूल जाने वाले बच्चे (जो अभी स्कूल में नामांकित हैं) (आयु 5-16): कक्षा | सरकारी | प्राइवेट/निजी | मदरसा | EGS/AIE, अन्य | स्कूल न जाने वाले बच्चे (जो अभी स्कूल में नामांकित नहीं हैं) (आयु 5-16): स्कूल में कभी नामांकन नहीं हुआ | ड्रापआउट: ड्रापआउट | आपने कौन सी कक्षा से स्कूल जाना छोड़ा? | आपने कौन से वर्ष से स्कूल जाना छोड़ा (जैसे: 2007)? | ट्यूशन: क्या वर्तमान में बच्चा पैसे देकर ट्यूशन पढ़ने जाता है? हाँ | नहीं | यदि हाँ: आप बच्चे की ट्यूशन के लिए प्रति माह कितना पैसा खर्च करते हैं? (केवल संख्या लिखें) | क्या बच्चा सर्वेक्षण किए गए विद्यालय में जाता है? हाँ | नहीं | बच्चे के स्कूल में किस भाषा में पढ़ाया जाता है? (निर्देश का माध्यम) | आयु वर्ग 5-16 के लिए – बुनियादी शिक्षण स्तर (केवल आयु वर्ग 5-16 के सभी बच्चों की जाँच करें): बच्चे के पढ़ने की जाँच किस भाषा में की गई? | बच्चे की जाँच किस सैंपल से की गई? (1/2/3/4) | पढ़ना (केवल उच्चतम स्तर पर ✓ का निशान लगाएँ): प्रारंभिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | गणित (केवल उच्चतम स्तर पर ✓ का निशान लगाएँ): प्रारंभिक | अंक पहचान 1-9 तक | संख्या पहचान 10-99 तक | घटाव | भाग | अंग्रेज़ी (केवल उच्चतम स्तर पर ✓ का निशान लगाएँ) – पढ़ना: प्रारंभिक | बड़े (Capital) अक्षर | छोटे अक्षर | शब्द | वाक्य | अर्थ – शब्द: बता पाया | शब्द: नहीं बता पाया | वाक्य: बता पाया | वाक्य: नहीं बता पाया | पिता की जानकारी: आयु | क्या पिता कभी स्कूल गए हैं? हाँ | नहीं | यदि स्कूल गए हैं, तो कौन सी कक्षा तक पढ़ाई पूरी की? |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| कुल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |



भाग-2

| क्र. संख्या | माता का नाम | आयु | क्या माता कभी स्कूल गई हैं? हाँ | नहीं | यदि स्कूल गई हैं, तो कौन सी कक्षा तक पढ़ाई पूरी की? |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |

भाग-3

घरेलू सकेंतक (उचित स्थान पर निशान लगाएँ)

| घर किस प्रकार का है? कच्चा | आधा कच्चा | पक्का (दीवार और छत सीमेंट और ईटों से बनी हुई) | मोटर चालित दुपहिया वाहन (मोटरसाईकिल/स्कूटर): हाँ | नहीं | बिजली का कनेक्शन है? (तार व फिटिंग को देखें): हाँ | नहीं | यदि घर में बिजली का कनेक्शन है, तो क्या आज बिजली थी?: हाँ | नहीं | घर में शौचालय है?: हाँ | नहीं | घर में टी.वी. है?: हाँ | नहीं | यदि घर में टी.वी. है, तो क्या केबल टी.वी. है? (भुगतान करके प्राप्त सुविधा): हाँ | नहीं | पढ़ने की सामग्री (स्कूल की किताबों के अलावा) – अखबार रोज़ आता है (पूछें): हाँ | नहीं | अन्य (किताबें, पत्रिका व धार्मिक किताबें इत्यादि): हाँ | नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| क्या घर में किसी ने 12वीं कक्षा पूरी की है?* हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|
| | | |

*उपर्युक्त माता और पिता को इसमें शामिल न करें।

| क्या घर में किसी को कम्प्यूटर इस्तेमाल करना आता है? हाँ | नहीं |
|---|---|
| | |

| सर्वेक्षण खत्म करने का समय |
|---|
| |

| घर में किसी के पास मोबाइल फोन है? | हाँ | नहीं |
|---|---|---|

| यदि हाँ, तो मोबाइल नंबर क्या है? | |
|---|---|

# D. हर घर में क्या करें?

**उद्देश्यः** चयनित घरों की जानकारी लेने के लिए।

## भाग 1: सामान्य जानकारी

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र के भाग 1 को देखें।**

घर सर्वेक्षण प्रपत्र के ऊपरी हिस्से में घर से संबंधित सामान्य जानकारी भरेंः

- **घर का नम्बरः** प्रत्येक प्रपत्र पर घर की संख्या लिखें। सर्वेक्षण किए गए पहले घर के लिए '1' नंबर डालें, सर्वेक्षण किए गए दूसरे घर के लिए '2' नंबर डालें और इसी प्रकार से बीस घर पूरे होने तक करें।

- **परिवार के उन लोगों की कुल संख्या जो एक ही चूल्हे से खाते हैंः** घर में उपस्थित वयस्कों से यह संख्या प्राप्त करें और लिखें। यदि घर में एक से अधिक रसोई/चूल्हा है, तो केवल उन्हीं लोगों की संख्या लिखें जो नियमित रूप से उसी चूल्हे से खाते हों।

- **निम्नलिखित नोट करेंः**
  - उत्तरदाता का नामः उत्तरदाता चयनित घर में उपस्थित वह वयस्क व्यक्ति है जिससे सर्वेक्षण के दौरान बातचीत की जा रही हो और जो आपको जानकारी दे रहा हो।
  - नक्शे से उस हिस्से/मुहल्ले का नंबर और/या हिस्से/मुहल्ले का नाम लिखें जिसमें से वह घर चुना गया हो।

## भाग 2: घर में रहने वाले बच्चों और वयस्कों से संबंधित जानकारी

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र के भाग 2 को देखें।**

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र में ऐसे किसी भी व्यक्ति की जानकारी नहीं भरी जाएगी जो नियमित रूप से उस घर में न रहता हो और उसी चूल्हे से न खाता हो।**

सर्वेक्षण के लिए चुने गए घर में 3-16 आयु वर्ग के उन सभी बच्चों के संबंध में जानकारी एकत्रित करें जो नियमित रूप से उस घर में रहते हैं तथा उसी रसोई (चूल्हे) से खाना खाते हैं। इन बच्चों की पहचान करने के लिए घर के सदस्यों की सहायता लें। ऐसे सभी बच्चों को शामिल करें, भले ही उनके माता पिता दूसरे गाँव में रहते हों या वे घर में काम करने वालों के बच्चे हों।

### बच्चों को चुनने के नियम

1. **बड़े बच्चेः** अक्सर 11 से 16 वर्ष के लड़के और लड़कियों को बच्चा नहीं माना जाता है। उन्हें 'बच्चा' कहकर संबोधित न करें। यह पता करें कि घर में कौन-कौन रहता है जिससे कि इस आयु वर्ग का कोई भी व्यक्ति छूट न जाए। अक्सर बड़े बच्चे जो पढ़ नहीं सकते वे जाँच के लिए बहुत हिचकिचाते और शर्माते हैं। इस बात पर संवेदनशील रहें।
2. **बच्चे जो सर्वेक्षण के समय घर पर नहीं हैंः** अक्सर बच्चे घर के या खेती के कार्य में व्यस्त रहते हैं। यदि कोई बच्चा घर पर नहीं है पर आस-पास ही है, तब आप उस बच्चे की जानकारी लिख लें जैसे कि बच्चे का नाम, आयु और स्कूली शिक्षण स्थिति। घर के सदस्यों से उस बच्चे को बुलाने को कहें जिससे कि आप उस बच्चे से स्वयं बात कर सकें। यदि वह बच्चा उसी समय नहीं आ पाता है, तो उस घर को चिन्हित करें और जब अन्य घरों का सर्वेक्षण पूरा हो जाए तो पुनः एक बार उस घर में जाएँ। यदि ऐसे बच्चे हैं जो सर्वेक्षण के दिन गाँव से बाहर गए हुए हों परन्तु नियमित रूप से उसी घर में रहते हों, जैसे यदि कोई बच्चा अपने रिश्तेदारों से मिलने गया हो, तो हम उन बच्चों की जानकारी लिखेंगे भले ही हम उनकी जाँच न कर पाएँ।
3. **बच्चे जो रिश्तेदार हैं पर सर्वेक्षण के लिए चुने गए घर में नियमित रूप से रहते हैंः** हम इन बच्चों को शामिल करेंगे क्योंकि वे नियमित रूप से चयनित घर में रहते हैं। परन्तु यदि उनके माता-पिता उस घर में नियमित रूप से नहीं रहते, तो हम उनके माता-पिता की कोई जानकारी नहीं लेंगे।
4. **बच्चे जो नियमित रूप से सर्वेक्षण के लिए चुने गए घर में नहीं रहतेः** ऐसे बच्चों को सर्वेक्षण में शामिल न करें जो नियमित रूप से उस घर में नहीं रहते हैं, जैसे कि वे बच्चे जो पढ़ाई के लिए किसी अन्य गाँव में रह रहे हों या वे बच्चे जिनकी शादी हो गई हो और वे किसी अन्य घर में रहते हों।

5. **बाहर से आए हुए बच्चे:** ऐसे बच्चों को शामिल न करें जो चयनित घर में अपने रिश्तेदारों या दोस्तों से मिलने आए हैं क्योंकि वे चयनित घर में नियमित रूप से नहीं रहते।

*बहुत से बच्चे आपके पास आएंगे और जाँच में सम्मिलित होना चाहेंगे। ऐसे बच्चों को निराश न करें। आप उनसे बातचीत कर सकते हैं परन्तु आंकड़ें* ***केवल*** *उन्हीं बच्चों के दर्ज किए जाएंगे जो रैंडम रूप से चयनित 20 घरों में नियमित रूप से रहते हैं।*

**माता के संदर्भ में जानकारी:** हर बच्चे की जानकारी की पंक्ति की शुरुआत में बच्चे की माता का नाम पूछें। बच्चे की माता का नाम तभी नोट करें यदि वह जीवित हों तथा नियमित रूप से इस घर में रहती हों। यदि बच्चे की माता की मृत्यु हो चुकी हो या वह नियमित रूप से इस घर में न रहती हों, तो हम उनका नाम नोट **नहीं** करेंगे। यदि बच्चे की माता की मृत्यु हो चुकी हो या उनका तलाक हो चुका हो तथा बच्चे की सौतेली माता (बच्चे के पिता की मौजूदा पत्नी) घर में रह रही हों, तो हम सौतेली माता का नाम बच्चे की माता के रूप में लिखेंगे। दिए गए खाने (माताओं की जानकारी) में माता की आयु और शिक्षण स्थिति नोट करें।

**बच्चे:**

अब जबकि हम जान गए हैं कि किन बच्चों का सर्वेक्षण करना है तो आएँ देखें कि हर बच्चे के लिए क्या जानकारी इकट्ठी करनी है। याद रखें कि हर बच्चे के लिए घर सर्वेक्षण प्रपत्र की एक पंक्ति का प्रयोग होगा।

- **बच्चे का नाम, आयु और लिंग:** सर्वेक्षण के लिए चयनित हर बच्चे का नाम, आयु और लिंग लिखें। लिंग के अंतर्गत् लड़कियों के लिए 'F' लिखें और लड़कों के लिए 'M' लिखें। (F= Female, M= Male)

- **3-6 आयु वर्ग के बच्चे:** पहला कॉलम 'पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6)' घर में सिर्फ 3-6 आयु के सभी बच्चों के लिए ही पूछें। घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर नोट करें कि क्या वे आंगनवाड़ी/बालवाड़ी या Nursery/LKG/UKG आदि में जाते हैं। यदि बच्चा आंगनवाड़ी/पूर्व प्राथमिक विद्यालय में नहीं जाता हो, तो उसको 'पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6)' वाले हिस्से में 'न जाने वाले' के अंतर्गत् नोट करें।

- **5-16 आयु वर्ग के बच्चे:** जानकारी के बाकी खंड़ केवल 5-16 आयु वर्ग के बच्चों के लिए भरें।

**स्कूल जाने वाले बच्चे (जो अभी स्कूल में नामांकित हैं):** बच्चों की वर्तमान कक्षा तथा स्कूली स्थिति की जानकारी भरें।
यदि बच्चा पूर्व प्राथमिक विद्यालय में जाता है, तो कक्षा के खाने में निम्न शब्द लिखें:
Nursery के लिए 'NUR' लिखें, LKG के लिए 'LKG' लिखें, UKG के लिए 'UKG' लिखें, आंगनवाड़ी के लिए 'AW' लिखें, बालवाड़ी के लिए 'BW' लिखें।

**स्कूल न जाने वाले बच्चे (जो अभी स्कूल में नामांकित नहीं हैं):**

- यदि बच्चे का कभी स्कूल में नामांकन नहीं हुआ है, तो 'स्कूल में कभी नामांकन नहीं हुआ' के अंतर्गत् नोट करें।
- यदि बच्चा ड्रापआउट हुआ है, तो 'ड्रापआउट' के अंतर्गत् नोट करें।

  वह कक्षा नोट करें जिसमें बच्चा पढ़ रहा था जब वह ड्रापआउट हुआ। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह उस कक्षा में पास हुआ या फेल। इस जानकारी को पूछते समय सावधानी रखें।

  वह वर्ष नोट करें जब बच्चे ने स्कूल जाना छोड़ा। उदाहरण के लिए, यदि बच्चा 2007 में ड्रापआउट हुआ तो '2007' लिखें। इस प्रकार से यदि बच्चा पिछले कुछ महीनों में ड्रापआउट हुआ, तो '2014' लिखें।

**5-16 आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए:**

- उत्तरदाता से पूछें कि क्या 5-16 आयु वर्ग का बच्चा वर्तमान में किसी प्रकार की ट्यूशन (अर्थात् विद्यालय से अतिरिक्त शुल्क देकर ग्रहण किया गया शिक्षण) लेता है। यदि हाँ, तो पूछें कि अभिभावक बच्चे की ट्यूशन के लिए हर महीने कितना शुल्क देते हैं। यदि उत्तरदाता यह जानकारी न दे पाए, तो इस खाने को खाली छोड़ें। यदि बच्चा एक से ज़्यादा ट्यूशन में जाता हो, तो सभी ट्यूशन के लिए दिए गए प्रति माह शुल्क को जोड़कर दिए गए खाने में लिखें।
- बच्चे से यह भी पूछें कि क्या वह उस सरकारी विद्यालय में जाता है जिसका आप सर्वेक्षण कर चुके हैं/सर्वेक्षण करेंगे। यह जानकारी स्कूल न जाने वाले बच्चों से न पूछें।
- इस आयु वर्ग के सभी बच्चों की बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच की जाएगी। (यह हो सकता है कि छोटे बच्चे शायद बहुत अधिक न पढ़ पाएँ या गणित के प्रश्न हल न कर पाएँ, फिर भी इस आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए वही प्रक्रिया अपनाएँ, जिससे कि प्रक्रिया में समानता बनी रहे।)

**पिता के संदर्भ में जानकारी:** हर बच्चे की जानकारी की पंक्ति के अंत में, हम बच्चे के पिता की आयु तथा शिक्षण संबंधी जानकारी लेते हैं। हम यह जानकारी तभी लेंगे जब पिता जीवित हों तथा नियमित रूप से घर में रहते हों। यदि बच्चे के पिता की मृत्यु हो चुकी हो या वह नियमित रूप से घर में न रहते हों, तो हम यह जानकारी नोट **नहीं** करेंगे। यदि बच्चे के पिता की मृत्यु हो चुकी हो या उनका तलाक हो चुका हो, तथा बच्चे के सौतेले पिता (बच्चे की माता के मौजूदा पति) घर में रह रहे हों, तो हम सौतेले पिता की जानकारी बच्चे के पिता के रूप में लिखेंगे ।

**विशेष ध्यान दें:**

- **5 और 6 वर्ष के बच्चों के लिए दोनों खंड 'पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6)' और 'स्कूल जाने वाले बच्चे/स्कूल न जाने वाले बच्चे (आयु 5-16)' के अंतर्गत् जानकारी दर्ज की जाएगी।**
- **5 और 6 आयु के बच्चों के लिए overlap करने वाले मुद्दे नीचे दिए गए उदाहरण से समझें।**

**छोटे बच्चों के लिए ध्यान में रखने वाले कुछ विशेष मामले**

| बच्चे की जानकारी (आयु वर्ग 3–16 के लिए) | | | | पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6) | | | स्कूल जाने वाले बच्चे (जो अभी स्कूल में नामांकित हैं) (आयु 5-16) | | | | | स्कूल न जाने वाले बच्चे (जो अभी स्कूल में नामांकित नहीं हैं) (आयु 5-16) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | ड्रापआउट | | |
| क्र. संख्या | बच्चे का नाम (आयु 3-16 के वे बच्चे जो इस घर में नियमित रूप से रहते हैं) | आयु | लिंग | आंगनवाड़ी/बालवाड़ी | LKG/UKG/Nursery | न जाने वाले | कक्षा | सरकारी | प्राइवेट/निजी | मदरसा | EGS/AIE, अन्य | स्कूल में कभी नामांकन नहीं हुआ | ड्रापआउट | आपने कौन सी कक्षा से स्कूल जाना छोड़ा | आपने कौन से वर्ष से स्कूल जाना छोड़ा (जैसे: 2007)? |
| 1 | राहुल | 5 | M | | | ✓ | 1 | ✓ | | | | | | | |
| 2 | अंजली | 6 | F | | | ✓ | | | | | | ✓ | | | |
| 3 | अमित | 6 | M | | ✓ | | LKG | | ✓ | | | | | | |
| 4 | सलीम | 7 | M | | | | LKG | | ✓ | | | | | | |

**Case 1:** 5 वर्ष का एक बच्चा (राहुल) सरकारी स्कूल की कक्षा 1 में है। इस स्थिति में बच्चे को 'पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6)' में 'न जाने वाले' के अंतर्गत् चिन्हित करें। 'स्कूल जाने वाले बच्चे (आयु 5-16)' के कक्षा कॉलम में '1' लिखें और 'सरकारी' कॉलम में चिन्हित करें।

**Case 2:** 6 वर्ष की एक बच्ची (अंजली) कहीं पढ़ने नहीं जाती है (न ही प्राथमिक विद्यालय में न ही किसी पूर्व प्राथमिक विद्यालय में)। इस स्थिति में 'पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6)' खाने में 'न जाने वाले' के अंतर्गत् और 'स्कूल न जाने वाले बच्चे (आयु 5-16)' खाने में 'स्कूल में कभी नामांकन नहीं हुआ' के अंतर्गत् नोट करें।

**Case 3:** 6 वर्ष का एक बच्चा (अमित) निजी विद्यालय में LKG में पढ़ता है। इस स्थिति में 'पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6)' के खाने में 'LKG/UKG/Nursery' के अंतर्गत् नोट करें और 'स्कूल जाने वाले बच्चे (आयु 5-16)' के खाने में कक्षा में 'LKG' लिखें तथा 'प्राइवेट/निजी' के अंतर्गत् नोट करें।

**Case 4:** 7 वर्ष का एक बच्चा (सलीम) निजी विद्यालय में LKG में पढ़ता है। इस बच्चे की जानकारी 'स्कूल जाने वाले बच्चे (आयु 5-16)' के अंतर्गत् नोट करेंगे न कि 'पूर्व प्राथमिक आयु वर्ग के बच्चे (आयु 3-6)' के अंतर्गत्। कक्षा के कॉलम में 'LKG' लिखें और 'प्राइवेट/निजी' के अंतर्गत् नोट करें।

## भाग 3: घरेलू संकेतक

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र के भाग 3 को देखें।**

जहाँ तक संभव हो इस भाग में पूछी गई जानकारी को स्वयं अवलोकन के आधार पर दर्ज करें। यदि किसी कारण से यह संभव न हो, तो घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर वह जानकारी भरें जो घर के सदस्य कहें। परिसंपत्ति जैसे कि टी.वी. और मोबाइल फोन आदि के संदर्भ में यह पूछें कि क्या वह घर में हैं और घर की संपत्ति हैं। यह जानकारी परिवार की आर्थिक स्थिति और बच्चे की शिक्षा के स्तर के आपसी संबंध को समझने के लिए ली जा रही है।

- **बच्चा कैसे घर में रहता है:** घरों का वर्गीकरण नीचे दिया गया है:
  - **पक्का मकान:** पक्का मकान उस मकान को कहते हैं जिसकी दीवारें और छत निम्न सामग्री से बनी हुई है:
    - दीवारों के लिए सामग्री: भट्टी में पकी ईटें (सीमेंट और चूने से चिपकी हुई), कंकरीट सीमेंट, इमारती लकड़ी इत्यादि।
    - छत के लिए सामग्री: टाइल, सरिया (लोहे की छड़), धातु की चादर, एस्बेस्टोस सीमेंट की शीट, RBC (Reinforced Brick Concrete), RCC (Reinforced Cement Concrete) और इमारती लकड़ी इत्यादि।

- **कच्चा मकानः** यदि दीवार और छत ऊपर दी गई सामग्री के अलावा अन्य सामग्री जैसे कि कच्ची ईंटें, बाँस, मिट्टी, घास, सरकण्डा, फूस इत्यादि से बनी हैं, तो वह कच्चा मकान है।
- **आधा कच्चा मकानः** ऐसा मकान जिसकी दीवारें पक्की सामग्री से बनी हुई हैं परन्तु छत कच्ची है।

- **मोटर चालित दुपहिया वाहनः** उत्तरदाता से पूछें कि क्या घर में दो पहिया वाहन जैसे कि मोटरसाईकिल या स्कूटर है। यदि हाँ, तो 'हाँ' के अंतर्गत् नोट करें, यदि नहीं है, तो 'नहीं' के अंतर्गत् नोट करें।
- **घर में बिजलीः**
  - अवलोकन के दौरान यह देखें कि क्या घर में तारें/बिजली का मीटर और बिजली की फिटिंग, बल्ब है या नहीं और उसी के अनुसार 'हाँ' या 'नहीं' पर निशान लगाएँ।
  - यदि घर में बिजली का कनेक्शन है, तो यह पूछें कि क्या आज घर में किसी समय पर बिजली थी। यह आवश्यक नहीं है कि बिजली तभी हो जब आप सर्वेक्षण कर रहे हैं।
- **शौचालयः** क्या घर में निर्मित शौचालय की व्यवस्था है? अपने अवलोकन के अनुसार 'हाँ' या 'नहीं' पर निशान लगाएँ। यदि आप शौचालय खुद से नहीं देख पाते हैं, तो पूछें कि क्या घर में निर्मित शौचालय है या नहीं।
- **टी.वी.:** यह देखते हुए कि क्या घर में टी.वी. है या नहीं, 'हाँ' या 'नहीं' पर सही का निशान लगाएँ। यदि आप खुद से नहीं देख पाते हैं, तो पूछें। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि टी.वी. चालू स्थिति में है या नहीं।
- **केबल टी.वी.:** यदि घर में टी.वी. है, तो पूछें कि क्या घर में केबल टी.वी. है। इसमें कोई भी केबल सुविधा शामिल हो सकती है जिसके लिए घर के सदस्य पैसा देते हैं (इसमें डायरेक्ट टू होम (DTH) सुविधा भी शामिल है)। यदि केबल सुविधा है, तो 'हाँ' के अंतर्गत् नोट करें, यदि नहीं है, तो 'नहीं' के अंतर्गत् नोट करें।
- **पढ़ने की सामग्रीः**
  - **अखबारः** यदि घर पर रोज़ अखबार आता है, तो 'हाँ' पर सही का निशान लगाएँ। यदि अखबार नहीं आता है, तो 'नहीं' के अंतर्गत् नोट करें।
  - **अन्य पठन सामग्रीः** इसमें कहानी की किताबें, पत्रिका, धार्मिक पुस्तकें आदी शामिल हैं पर कैलेण्डर और विद्यालय की पाठ्य पुस्तकें शामिल नहीं है। यदि ऊपर दी गईं अन्य पठन सामग्री घर में मौजूद हो, तो 'हाँ' के अर्न्तगत नोट करें अन्यथा 'नहीं' के अंतर्गत् नोट करें।

**घर के लिए अन्य प्रश्नः**

- यदि घर में किसी ने (इसमें उन माताओं और पिताओं को शामिल न करें जिनकी जानकारी इस प्रपत्र में पहले ही भरी जा चुकी है) कक्षा 12वीं पूरी की हो, तो 'हाँ' पर सही का निशान लगाएँ।
- यदि घर में कोई भी कम्प्यूटर का प्रयोग करना जानता हो, तो 'हाँ' पर सही का निशान लगाएँ।
- यदि घर में मोबाइल फोन है तो 'हाँ' के अंतर्गत् सही का निशान लगाएँ और अगले कॉलम में मोबाइल नंबर नोट करें। यह मोबाइल नंबर सिर्फ रीचेक के लिए इस्तेमाल किया जाएगा न कि किसी अन्य संदर्भ में। कृपया परिवार के सदस्यों को मोबाइल नंबर लेने का यह कारण बताएँ।

**यदि आपको घर सर्वेक्षण प्रपत्र में पूछे गए किसी प्रश्न का उत्तर नहीं मिलता है, तो उस खाने को खाली छोड़ दें।**

विनम्रता बनाए रखें। अक्सर भीड़ जमा हो जाती है और लोग जानना चाहते हैं कि आप क्या कर रहे हैं। उन्हें बताएँ कि आप क्या कर रहे हैं और क्यों। उन्हें 'असर' के बारे में बताएँ। सर्वेक्षण समाप्त होने पर घर के लोगों को धन्यवाद ज़रूर दें।

**संक्षेपः हर घर में क्या करें?**

√ प्रत्येक प्रपत्र पर घर का नंबर लिखें। पता करें कि उस घर में कितने सदस्य नियमित रूप से रहते हैं और उसी चूल्हे से खाना खाते हैं।

√ घर में आयु 3-16 के ऐसे सभी बच्चों की उचित जानकारी एकत्रित करें जो नियमित रूप से उस घर में रहते हैं और उसी चूल्हे से खाते हैं।

√ उन माताओं और पिताओं की जानकारी लें जिनके बच्चों के नाम घर सर्वेक्षण प्रपत्र में लिखे हैं और जो नियमित रूप से उस घर में रहते हैं और उसी चूल्हे से खाते हैं। इसके अतिरिक्त घरेलू संकेतकों की भी जानकारी लें।

√ 5-16 आयु वर्ग के बच्चों की बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच उपयुक्त टूल से करें। (बच्चों की जाँच के निर्देशों के लिए खंड E देखें)

# E. बच्चों के साथ क्या करें?

**उद्देश्यः** हम 5-16 आयु वर्ग के बच्चों की जाँच यह जानने के लिए करते हैं कि भाषा, गणित और अंग्रेज़ी में उनका उच्चतम स्तर क्या है जिसे वह आसानी से कर सकते हैं।

## भाग 1: सामान्य निर्देश

**क्या जाँचेंः** बच्चों के सरल पाठ (उनकी प्राथमिक भाषा में) पढ़ने एवं बुनियादी गणित करने की क्षमता की जाँच की जाएगी। इसके साथ ही उनकी सरल अंग्रेज़ी पढ़ने की क्षमता और अंग्रेज़ी की समझ की भी जाँच की जाएगी। इसलिए तीन प्रकार की जाँच इस क्रम में की जाएगीः प्राथमिक भाषा में बुनियादी पढ़ना, गणित व अंग्रेज़ी।

**किसकी जाँच करेंः** सर्वेक्षण के लिए चुने गए घरों के 5-16 आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे की तीनों टूल (भाषा, गणित और अंग्रेज़ी) से जाँच करें।

**हम कैसे जाँच करेंगेः** यह बहुत महत्वपूर्ण है कि जब हम बच्चों की जाँच करें, तो हमारी मनोस्थिति सही हो। हम लोग गाँव में न ही बच्चों की परीक्षा लेने के लिए और न ही मूल्यांकनकर्ता के रूप में जा रहे हैं। हम सिर्फ ये जानना चाहते हैं कि बच्चे पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी में आसानी से क्या कर सकते हैं। **हमारा उद्देश्य सिर्फ बच्चों का उच्चतम स्तर पता करना है जिसे वह आसानी से कर सकते हैं।**

इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप नीचे दिए निर्देशों का पालन करते हुए बच्चों की जाँच की जाएः

- **बच्चे के लिए सहज वातावरण होः** बच्चे की जाँच करने से पहले उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करते हुए एक सहज माहौल तैयार कर लें। आपको बच्चे को यह बता देना चाहिए कि यह कोई परीक्षा नहीं है, यह केवल कुछ गतिविधियाँ हैं जो आप उनके साथ करना चाहते हैं।
- **बच्चे पर दूसरे लोगों का कोई दबाव न होः** अक्सर परिवार के सदस्य और पड़ोसी जमा हो जाते हैं, यह देखने के लिए कि बच्चे दिए गए कार्य को ठीक तरह से कर रहे हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में बच्चों को परेशानी हो सकती है। सर्वेक्षक यह सुनिश्चित करें कि ऐसा न हो। जब एक सर्वेक्षक बच्चे की जाँच कर रहा हो तब दूसरा सर्वेक्षक अन्य लोगों से बात कर सकता है या दूसरे बच्चों के साथ कुछ अलग गतिविधियाँ कर सकता है।
- **बच्चे के साथ धैर्य बनाए रखें और उनको प्रोत्साहित करते रहेंः** बच्चे ने जो भी प्रयास किया है उसकी प्रशंसा करते हुए उसे प्रोत्साहित करें। जब बच्चा पढ़ रहा हो या गणित के प्रश्नों को हल कर रहा हो तब उसके साथ धैर्य बनाएँ रखें। बच्चे को पढ़ने, सोचने और हल करने के लिए पर्याप्त समय दें। उसके साथ जल्दबाज़ी न करें।
- **बच्चा टूल के साथ परिचित होः** बच्चे के उच्चतम स्तर (जिस स्तर के विभिन्न प्रश्न वे आसानी से कर सकता है) को समझने के लिए आपको उसे कई कार्य देने पड़ सकते हैं। अभ्यास और किसी कार्य से परिचित होना उस कार्य को करने में बच्चे की क्षमता को बेहतर कर सकता है। उदाहरण के लिए, हो सकता है कि बच्चा अनुच्छेद को धाराप्रवाह न पढ़ पाए लेकिन शब्दों को आसानी से पढ़ने के बाद हो सकता है कि वह अनुच्छेद को पढ़ ले। यह इसलिए क्योंकि वह उस टूल और कार्यों को करने में अब पहले से ज़्यादा सहज महसूस कर रहा है।
- **बच्चे के पढ़ने की जाँच किस भाषा में हुईः** बच्चे की जाँच जिस भाषा में की गई है वह घर सर्वेक्षण प्रपत्र के उचित कॉलम में नोट करें।
- **बच्चे की जाँच किस सैम्पल से की गईः** बच्चे की जाँच जिस सैम्पल नंबर से हुई है वह घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर नोट करें। **कृपया यह सुनिश्चित करें कि बच्चे के पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच एक ही सैम्पल से हो।** यह भी सुनिश्चित करें के चारों सैम्पल का सर्वेक्षण के दौरान समान रूप से प्रयोग किया जाए।
- **अलग-अलग बच्चों के लिए अलग-अलग सैम्पल का इस्तेमाल करेंः** प्रत्येक टेस्टिंग टूल के चार सैम्पल हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चे एक दूसरे की नकल नहीं कर रहें हैं, एक ही घर में रहने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए अलग सैम्पल का इस्तेमाल करें।
- **अंग्रेज़ी की जाँचः** यदि बच्चे की प्राथमिक भाषा अंग्रेज़ी हो, तो आप उसे पढ़ने का अंग्रेज़ी भाषा का टूल दें। फिर गणित और उसके बाद अंग्रेज़ी का टूल दें। चाहे बच्चे की प्राथमिक भाषा में पढ़ने की जाँच किसी भी भाषा में की गई हो हम उसकी अंग्रेज़ी की जाँच ज़रूर करेंगे।

## भाग 2: पढ़ने की जाँच कैसे करें

### अनुच्छेद

**अनुच्छेद से शुरू करें:**

बच्चे को दिए गए दोनो अनुच्छेद में से कोई एक पढ़ने को कहें।
बच्चे को अनुच्छेद स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई एक अनुच्छेद पढ़ने को दें।
बच्चे को अनुच्छेद पढ़ने को कहें। बच्चा कैसा पढ़ता है यह ध्यान से सुनें।

बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर नहीं हैं यदि बच्चा अनुच्छेद को:

- अलग-अलग शब्द जैसे पढ़ता है न कि वाक्य की तरह।
- अटक-अटक कर पढ़ता है और अक्सर रुक जाता है।
- धाराप्रवाह पढ़ता है पर **3 से ज़्यादा गलतियाँ** करता है।

*यदि बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर नहीं है, तो उसे शब्द पढ़ने को दें।*

बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर है यदि वह अनुच्छेद को:

- अलग-अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।
- पाठ को पढ़ने में **3 या 3 से कम गलतियाँ** करे।

*यदि बच्चा अनुच्छेद पढ़ सकता है, तो उसे कहानी पढ़ने को दें।*

### शब्द

बच्चे को शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें।
बच्चे को शब्दों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है, यदि वह **5 में से कम से कम 4** शब्द आसानी से पढ़े।

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है, तो उसे पुनः अनुच्छेद पढ़ने को कहें और अनुच्छेद स्तर के निर्देशों का पालन करें।*

*यदि बच्चा सही ढंग से और आसानी से शब्दों को पढ़ सकता है, लेकिन अभी भी अनुच्छेद धाराप्रवाह और आसानी से न पढ़ पाए, तो उसे **'शब्द स्तर'** पर चिन्हित करें।*

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 शब्द भी नहीं पढ़ सकता है), तो उसे अक्षर पढ़ने को दें।*

### कहानी

बच्चे को कहानी पढ़ने को कहें।

बच्चा **'कहानी स्तर'** पर है यदि वह कहानी को:

- अलग-अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।
- पाठ को पढ़ने में **3 या 3 से कम गलतियाँ** करे।

*यदि बच्चा कहानी पढ़ सकता है, तो उसे **'कहानी स्तर'** पर चिन्हित करें।*

*यदि बच्चा **'कहानी स्तर'** पर नहीं है, तो उसे **'अनुच्छेद स्तर'** पर चिन्हित करें।*

### अक्षर

बच्चे को अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें।
बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'अक्षर स्तर'** पर है यदि वह **5 में से कम से कम 4** अक्षर आसानी से पढ़े।

*यदि बच्चा **'अक्षर स्तर'** पर है, तो उसे पुनः शब्द पढ़ने को दें और शब्द स्तर के निर्देशों का पालन करें।*

*यदि बच्चा आराम से 5 में से कम से कम 4 अक्षरों को पढ़ सकता है, लेकिन अभी भी शब्द आसानी से न पढ़ पाए, तो उसे **'अक्षर स्तर'** पर चिन्हित करें।*

*यदि बच्चा **'अक्षर स्तर'** पर नहीं है (5 में से 4 अक्षर भी सही नहीं पढ़ सकता है), तो उसे **'प्रारंभिक स्तर'** पर चिन्हित करें।*

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर बच्चे का सबसे उच्चतम स्तर चिन्हित करें।**

**क्या गलती है और क्या नहीं:** बच्चों के पढ़ते समय आपको निम्नलिखित उदाहरण सुनने को मिलेंगे। यहाँ कुछ हिन्दी के उदाहरण दिए गए हैं:

**क्या गलती नहीं है**

- बच्चे 'आता' को 'आते', 'चाहता' को 'चाहते' या 'है' को 'था' आदि पढ़ते हैं। स्थानीय उच्चारण के कारण बच्चों के पढ़ने में भिन्नताएँ हो सकती हैं। **इसे गलती न मानें।**
- बच्चे पढ़ते समय एक शब्द को समान अर्थवाले दूसरे शब्द से बदल देते हैं। उदाहरण के लिए, यदि बच्चा 'बरसात का मौसम' को 'बरसात का समय' पढ़ता है, तो **इसे गलती न मानें।**
- आम तौर पर ऐसे में यदि बच्चे से कहें कि ध्यान से पढ़ो, तो हो सकता है कि दोबारा पढ़ने में वह ऐसी गलती फिर न करे।
- कभी-कभी बच्चे शब्दों को गलत पढ़ते हैं जैसे कि 'नींद' को 'नदी' या 'मज़ा' को 'जमा'। कभी-कभी बच्चे पढ़ते समय शब्दों को छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में भी यदि बच्चे को दोबारा ध्यान से पढ़ने को कहें, तो आमतौर पर वह फिर से वही गलती नहीं करेगा।

**क्या गलती है**

- यदि बच्चा बार-बार मौका देने के बाद भी वही गलतियाँ दोहराए या कुछ शब्द न पढ़ पाए, तो इन्हें गलतियाँ समझना चाहिए। इसका मतलब है कि बच्चे को उस स्तर पर पढ़ने में कठिनाई हो रही है।
- यदि बच्चा एक ही शब्द एक से अधिक बार गलत पढ़ता है, तो उसे एक ही गलती मानें।
- यदि अनुच्छेद पढ़ते समय बच्चा **3 से ज़्यादा गलतियाँ** करे, तो उसे **'अनुच्छेद स्तर'** पर नहीं रख सकते हैं। यही नियम कहानी के लिए भी लागू करें।


पढ़ने की जाँच SAMPLE (1)

कहानी

सावन का महीना था। आसमान में बहुत काले-काले बादल छाए थे। ठंडी-ठंडी हवा चल रही थी। मुझे झूला झूलने का मन किया। बड़े भैया एक मोटी सी रस्सी लेकर बाहर आए। भैया ने रस्सी को पेड़ से लटकाकर झूला बनाया। सब ने मिलकर खूब झूला झूला। बाकी बच्चे भी आकर मज़े से झूलने लगे। झूलते-झूलते रात हो गई।

अनुच्छेद

बग़ीचे में एक पेड़ है।
पेड़ पर एक तोता रहता है।
तोते का रंग हरा है।
वह लाल टमाटर खाता है।

अक्षर

ल प स
क ग
ड ब म
ट झ

बच्चे से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

शब्द

लाल दूध
पैर
तेल किला
मोर
जूता मौका

बच्चे से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

## भाग 3: गणित की जाँच कैसे करें

**नोटः बच्चे को घर सर्वेक्षण प्रपत्र के पीछे सवाल हल करने को कहें।**

**घटाव से शुरू करें**

### घटावः 2 अंकों का हासिल के साथ

बच्चे से घटाव के 2 सवाल हल करवाने हैं। बच्चे को घटाव के सवाल दिखाएँ। पहले बच्चे को कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप एक सवाल चुनें।

बच्चे से सवाल में दी गई संख्याएँ पूछें और फिर बच्चे को घटाव का चिन्ह पहचानने को कहें।

यदि बच्चा संख्याएँ और चिन्ह दोनों को पहचान लेता है, तो उसे सवाल लिखने एवं हल करने को कहें। देखें कि क्या वह उस सवाल का सही उत्तर देता है।

यदि बच्चा घटाव का पहला सवाल गलत करे तब भी उसे दूसरा सवाल दें और ऊपर लिखी गई प्रक्रिया से हल करवाएँ। यदि बच्चे का दूसरा सवाल सही है, तो उसे पहले सवाल को दोबारा हल करने की कोशिश करने दें।

यदि बच्चा जल्दबाज़ी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे, तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

*यदि बच्चा **दोनों घटाव के सवाल सही हल नहीं** कर पाता है, तो उसे संख्याएँ 10-99 पहचानने को कहें।*

यदि वह घटाव का एक भी सवाल गलत करे तब भी उसे संख्याएँ 10-99 पहचानने को कहें।

### संख्या पहचान (10-99)

बच्चे को संख्याओं की सूची में से कोई 5 संख्याएँ पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं संख्या चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई 5 संख्याएँ पहचानने को कहें।

यदि वह **5 संख्याओं में से कम से कम 4** को सही पहचानता है, तो उसे **'संख्या पहचान (10-99 तक) स्तर'** पर चिन्हित करें।

*यदि बच्चा **'संख्या पहचान (10-99 तक) स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 संख्याएँ सही नहीं पहचानता), तो उसे 1-9 अंक पहचानने को कहें।*

### अंक पहचान (1-9)

बच्चे को अंको की सूची में से कोई 5 अंक पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं अंक चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई 5 अंक पहचानने को कहें।

यदि वह **5 अंकों में से कम से कम 4 अंक** सही पहचानता है, तो उसे **'अंक पहचान (1-9 तक) स्तर'** पर चिन्हित करें।

यदि बच्चा **'अंक पहचान 1-9 तक स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 अंक सही नहीं पहचानता), तो उसे **'प्रारंभिक स्तर'** पर चिन्हित करें।

*यदि बच्चा **दोनों** घटाव के सवाल सही करता है, तो उसे भाग का एक सवाल हल करने को दें।*

### भागः 3 अंकों का 1 अंक से

बच्चे से भाग का 1 सवाल करवाना है। बच्चे को भाग के सवाल दिखाएँ। वह कोई एक सवाल स्वयं चुन सकता है। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप एक सवाल चुनें।


उसे सवाल लिखने और हल करने को कहें।

देखें वह क्या करता है। यदि वह सवाल सही कर पाता है, तो उसे **'भाग स्तर'** पर चिन्हित करें।

**नोटः भागफल व शेषफल दोनों सही होने चाहिए।**

यदि बच्चा जल्दबाज़ी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे, तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

*यदि वह भाग का सवाल सही हल नहीं कर पाता है, तो उसे **'घटाव स्तर'** पर चिन्हित करें।*




**घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर बच्चे का सबसे उच्चतम स्तर चिन्हित करें।**

## भाग 4: अंग्रेज़ी की जाँच कैसे करें

अंग्रेज़ी टूल के 2 भाग हैं: पढ़ना और अर्थ।

- बच्चे को पहले अंग्रेज़ी पढ़ने को दें और उसके उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें।
- उसके बाद बच्चे की अंग्रेज़ी की समझ की जाँच करें। **सिर्फ उन्हीं बच्चों के लिए जिन्हें अंग्रेज़ी पढ़ने के भाग में शब्द या वाक्य स्तर पर चिन्हित किया गया है।**

### भाग 1: पढ़ना

#### बड़े (Capital) अक्षर

**यहाँ से शुरू करें:** बच्चे से बड़े अक्षरों की सूची में से कोई 5 अक्षर पढ़ने को कहें। बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर नहीं है यदि वह **5 में से कम से कम 4** बड़े अक्षर भी नहीं पढ़ सके।

*यदि बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 अक्षर भी सही नहीं पढ़ सकता है), तो बच्चे को **'प्रारंभिक स्तर'** पर चिन्हित करें।*

बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर है यदि वह **5 में से कम से कम 4** बड़े अक्षर आसानी से पढ़े।

*यदि बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर है, तो उसे छोटे अक्षर पढ़ने को दें।*

#### छोटे अक्षर

बच्चे से छोटे अक्षरों की सूची में से कोई 5 छोटे अक्षर पढ़ने को कहें। बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर नहीं है यदि वह **5 में से कम से कम 4** छोटे अक्षर भी नहीं पढ़ सके।

*यदि बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 अक्षर भी सही नहीं पढ़ सकता है), तो बच्चे को **'बड़े अक्षर स्तर'** पर चिन्हित करें।*

बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर है यदि वह **5 में से कम से कम 4** छोटे अक्षर आसानी से पढ़े।

*यदि बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर है, तो उसे शब्द पढ़ने को दें।*

#### आसान शब्द

बच्चे से शब्दों की सूची में से कोई 5 शब्द पढ़ने को कहें। बच्चे को शब्दों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप शब्दों की सूची में से कोई 5 शब्द उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'शब्द स्तर'** पर नहीं है यदि वह **5 में से कम से कम 4 शब्द** भी नहीं पढ़ सके।

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 शब्द भी सही नहीं पढ़ सकता है), तो बच्चे को **'छोटे अक्षर स्तर'** पर चिन्हित करें।*

बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है यदि वह **5 में से कम से कम 4** शब्द आसानी से पढ़े।

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है, तो उसे वाक्य पढ़ने को दें।*

#### आसान वाक्य

बच्चे से दिए गए सभी 4 वाक्यों को पढ़ने को कहें।

बच्चा **'वाक्य स्तर'** पर नहीं है यदि वह:

- **4 में से कम से कम 2** वाक्य भी धाराप्रवाह नहीं पढ़े।
- वाक्यों की तरह न पढ़कर शब्दों की श्रृंखला की तरह पढ़े।
- वाक्यों को अटक-अटक कर या रुक-रुक कर पढ़े।

*यदि बच्चा वाक्यों के स्तर पर नहीं है, तो बच्चे को **'शब्द स्तर'** पर चिन्हित करें*
*और*
*बच्चे से जो शब्द उसने पढ़े हैं उनके अर्थ बताने को कहें।*

बच्चा **'वाक्य स्तर'** पर है यदि वह:

- **4 में से कम से कम 2** वाक्य पढ़े।
- वाक्यों को वाक्य की तरह पढ़े न कि शब्दों की श्रृंखला की तरह पढ़े।
- वाक्यों को धाराप्रवाह और आसानी से पढ़े भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।

*यदि बच्चा वाक्यों के स्तर पर है, तो बच्चे को **'वाक्य स्तर'** पर चिन्हित करें*
*और*
*बच्चे से जो वाक्य उसने पढ़े हैं उनके अर्थ बताने को कहें।*

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर बच्चे के अंग्रेज़ी पढ़ने के सबसे उच्चतम स्तर चिन्हित करें।**

**भाग 2 के लिए अगले पृष्ठ पर जाएँ**

## भाग 2: अर्थ

**यदि बच्चे को 'शब्द स्तर' पर चिन्हित किया गया है, तो उससे सिर्फ शब्दों के अर्थ पूछें।**
**यदि बच्चे को 'वाक्य स्तर' पर चिन्हित किया गया है, तो उससे सिर्फ वाक्यों के अर्थ पूछें।**

### शब्द स्तर के बच्चे के लिए

#### शब्दों के अर्थ

बच्चे को उसकी **स्थानीय भाषा** में उन शब्दों के अर्थ बताने को कहें जो उसने पढ़े हैं।

बच्चा शब्दों के अर्थ जानता है, यदि वह उसके पढ़े हुए शब्दों में से कम से कम 4 शब्दों के अर्थ सही बता पाता है। वह शब्दों के अर्थ नीचे दिए गए किसी भी तरीके से बता सकता है:

- स्थानीय भाषा में सही अर्थ बताकर

या

- शब्द से संबंधित किसी चीज़ की ओर इशारा करते हुए उस शब्द का अर्थ बताकर। उदाहरण के लिए – 'Man' का अर्थ बताने के लिए 'पिताजी' की ओर इशारा करे; 'Red' का अर्थ बताने के लिए उस चीज़ की ओर इशारा करे जो 'लाल' है।

*यदि बच्चा **कम से कम 4** शब्दों के अर्थ सही बताता है, तो उसे शब्द-अर्थ के खाने में **'बता पाया'** के अंतर्गत् चिन्हित करें।*
*यदि बच्चा **कम से कम 4** शब्दों के अर्थ सही नहीं बताता है, तो उसे शब्द-अर्थ के खाने में **'नहीं बता पाया'** के अंतर्गत् चिन्हित करें।*

### वाक्य स्तर के बच्चे के लिए

#### वाक्यों के अर्थ

बच्चे को उसकी **स्थानीय भाषा** में उन वाक्यों के अर्थ बताने को कहें जो उसने पढ़े हैं।

बच्चा वाक्यों के अर्थ जानता है, यदि वह उसके पढ़े हुए वाक्यों में से कम से कम 2 वाक्यों के अर्थ सही बता पाता है। वह वाक्यों के अर्थ नीचे दिए गए किसी भी तरीके से बता सकता है:


- स्थानीय भाषा में सही अर्थ बताकर

या

- वाक्यों में कम से कम मुख्य रेखांकित शब्दों का अर्थ बताकर। उदाहरण के लिए – What is the time? में कम से कम 'क्या' और 'समय/वक्त' को बता पाए।

**नोटः मुख्य रेखांकित शब्दों के अर्थ एक-एक करके न पूछें।**

*यदि बच्चा **कम से कम 2** वाक्यों के अर्थ सही बताता है, तो उसे वाक्य-अर्थ के खाने में **'बता पाया'** के अंतर्गत् चिन्हित करें।*
*यदि बच्चा **कम से कम 2** वाक्यों के अर्थ सही नहीं बताता है, तो उसे वाक्य-अर्थ के खाने में **'नहीं बता पाया'** के अंतर्गत् चिन्हित करें।*



# असर 2014 - विद्यालय अवलोकन प्रपत्र

विद्यालय का नामः ______________________ गाँव का नामः ______________________

ब्लॉकः ______________________ ज़िलाः ______________________ राज्यः ______________________

निर्देशः गाँव के किसी एक सरकारी विद्यालय (कक्षा 1 से 7/8) में जाएँ। यदि गाँव में कक्षा 1 से 7/8 का कोई विद्यालय न हो, तो उस सरकारी विद्यालय में जाएँ जहाँ कक्षा 1 से 4/5 के बच्चों का नामांकन सबसे अधिक हो। ऐसे सरकारी विद्यालय में न जाएँ जहाँ कक्षा 1 से 4/5 तक की कोई कक्षा न हो। यदि गाँव में कक्षा 1 से 4/5 का कोई सरकारी विद्यालय न हो, तो किसी भी विद्यालय में न जाएँ। मुख्य अध्यापक से मिलें (मुख्य अध्यापक के न होने पर विद्यालय के सबसे वरिष्ठ शिक्षक से मिलें)। आवश्यक प्रलेखः रजिस्टर जिसमें बच्चों के नामांकन की जानकारी हो।

| विद्यालय में आने का समय | किस कक्षा से किस कक्षा तक? (किसी एक पर सही का निशान लगाएँ) | | | उत्तरदाता की जानकारी | | | सर्वेक्षण का दिनांक | सर्वेक्षण का दिन | सर्वेक्षकों के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कक्षा 1 से 4/5 | कक्षा 1 से 6/7/8 | अन्य | नाम | | | | | 1. |
| | | | | पद (✓ लगाएँ) | मुख्य अध्यापक | शिक्षक | | | 2. |
| | | | | फोन नम्बर | | | | | |

| 1. बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति | कक्षा 1 | कक्षा 2 | कक्षा 3 | कक्षा 4 | कक्षा 5 | कक्षा 6 | कक्षा 7 | कक्षा 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बच्चों का नामांकन (खुद रजिस्टर से लें)। यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कुल नामांकन लिखें। | | | | | | | | |
| सर्वेक्षण के दिन उपस्थित बच्चे* | | | | | | | | |

*नोटः कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या गिनकर लिखें। यदि एक से अधिक कक्षा के बच्चे एक साथ बैठे हों, तो प्रत्येक कक्षा के अनुसार बच्चों को हाथ उठाने को कहें और इसके आधार पर प्रत्येक कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या लिखें। यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो सभी सेक्शन की उपस्थिति गिनें और फिर कुल उपस्थिति लिखें।

| 2. विद्यालय में पढ़ाई का माध्यम (official) |
|---|
| 1. |
| 2. |
| 3. |

| 3. शिक्षक | कुल नियुक्ति (पूछें) | कुल उपस्थित (अवलोकन करें) |
|---|---|---|
| मुख्य अध्यापक (प्रभारी मुख्य अध्यापक को न गिनें) | | |
| नियमित सरकारी शिक्षक (मुख्य अध्यापक को न गिनें) | | |
| पैरा-शिक्षक (Para-teacher) | | |



## 4. कक्षा का अवलोकन

उचित स्थान पर निशान लगाएँ

| अवलोकन करें (यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कोई एक चुनें) | | कक्षा 2 | | कक्षा 4 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | नहीं | हाँ | नहीं |
| क्या इस कक्षा के बच्चे किसी और कक्षा के बच्चों के साथ बैठे हुए हैं? | | | | | |
| क्या इस कक्षा के लिए ब्लैक बोर्ड है? | | | | | |
| यदि हाँ, तो क्या आप ब्लैक बोर्ड पर आसानी से लिख सके? | | | | | |
| पाठ्य पुस्तककों के अलावा क्या कक्षा में आपने कोई अन्य शिक्षण सामग्री देखी (जैसे कि अन्य किताबें, दिवारों पर लगे चार्ट, बोर्ड खेल आदि)? | | | | | |
| इस कक्षा के बच्चे कहाँ बैठे हुए हैं? (किसी एक पर निशान लगाएँ) | कमरे में | | | | |
| | बरामदे में | | | | |
| | खुली जगह पर | | | | |

## 5. मध्याह्न भोजन

| उचित स्थान पर निशान लगाएँ | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन दिया गया? (पूछें) | | |
| क्या मध्याह्न भोजन पकाने के लिए कोई रसोई घर है? (अवलोकन करें) | | |
| क्या आपने विद्यालय में मध्याह्न भोजन पकाए जाते हुए देखा? (अवलोकन करें) | | |
| क्या आपने बच्चों को आज मध्याह्न भोजन दिए जाने का कोई सबूत देखा? (जैसे कि गंदे बर्तन या बाहर से मंगाया गया भोजन आदि) (अवलोकन करें) | | |

## 6. सुविधाओं का अवलोकन

| | | |
|---|---|---|
| शौचालय के अलावा विद्यालय में पक्के कमरों की कुल संख्या? (खुद गिनकर लिखें) | | |
| सर्वेक्षण के दिन पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कमरों की कुल संख्या (खुद गिनकर लिखें) | | |
| उचित स्थान पर निशान लगाएँ | हाँ | नहीं |
| क्या विद्यालय में ऑफिस/स्टोर/office-cum-store है? | | |
| क्या विद्यालय में खेल का मैदान है? | | |
| क्या विद्यालय में पुस्तकालय की किताबें हैं? | | |
| यदि हाँ, तो क्या आपने बच्चों को पुस्तकालय की किताबों का प्रयोग करते हुए/पढ़ते हुए देखा? | | |
| क्या आपने विद्यालय में हैंडपंप/नल देखा? | | |
| यदि हैंडपंप/नल है, तो क्या आप उस हैंडपंप/नल से पानी पी सके? | | |
| यदि हैंडपंप/नल नहीं है या इस्तेमाल करने योग्य नहीं है, तो क्या पीने के पानी की उपलब्धता है? | | |
| क्या विद्यालय की पूरी चारदीवारी या बाड़ (fencing) है? | | |
| क्या विद्यालय में बच्चों के प्रयोग के लिए कम्प्यूटर है? | | |
| यदि हाँ, तो क्या आपने बच्चों को कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हुए देखा? | | |

## 7. शौचालय (अवलोकन करें)

| शौचालय | क्या शौचालय है? | | यदि हाँ, तो क्या वह ताले से बंद है? | | यदि खुला है, तो क्या वह प्रयोग करने योग्य है? | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | हाँ | नहीं | बंद है | बंद नहीं है | हाँ | नहीं |
| लड़की | | | | | | |
| लड़का | | | | | | |
| सामायिक | | | | | | |
| शिक्षक | | | | | | |

नोटः यदि विद्यालय में किसी एक प्रकार का 1 से अधिक शौचालय हो, तो उस शौचालय की जानकारी लें जो बेहतर स्थिति में हो।

## 8. सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्या आपने सतत् व्यापक मूल्यांकन/CCE के बारे में सुना है? (पूछें) | हाँ | नहीं | | |
| **यदि हाँ,** | | | | |
| इस विद्यालय में कितने शिक्षकों को सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) मैनुअल या प्रपत्र मिला है? (पूछें) | सभी को | कुछ को | किसी को नहीं | पता नहीं |
| **यदि मैनुअल या प्रपत्र मिला है, तो उत्तरदाता से उसे दिखाने को कहें** | | | | |
| क्या आप सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) मैनुअल या प्रपत्र देख सके? (पूछें और अवलोकन करें) | हाँ | नहीं | | |

## 9. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC)

| | | |
|---|---|---|
| क्या वर्तमान में इस विद्यालय के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) गठित है? (पूछें) | हाँ | नहीं |
| यदि हाँ, तो विद्यालय प्रबंधन समिति की पिछली बैठक कब हुई? (पूछें) | __/__/____ (dd/mm/yyyy) | |
| पिछली बैठक में कितने सदस्य उपस्थित थे? (पूछें और संख्या लिखें) | | |

## 10. विद्यालय विकास योजना (SDP)

| | | |
|---|---|---|
| क्या 2013-14 में आपके विद्यालय के लिए विद्यालय विकास योजना (SDP) बनाई गई? (पूछें) **(DISE प्रपत्र को SDP न मानें)** | हाँ | नहीं |
| यदि हाँ, तो क्या आप विद्यालय विकास योजना (SDP) स्वयं देख सके? (पूछें और अवलोकन करें) | हाँ | नहीं |

## 11. विद्यालय अनुदान की जानकारी (SSA) (मुख्य अध्यापक से पूछें। यदि मुख्य अध्यापक उपस्थित न हों, तो सबसे वरिष्ठ शिक्षक से पूछें)


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अनुदान की जानकारी किससे प्राप्त हुई? (किसी एक पर सही का निशान लगाएँ) | मुख्य अध्यापक | शिक्षक | पैरा-शिक्षक (Para-teacher) | क्या स्कूल के पास 2 या उससे अधिक SSA पासबुक हैं? हाँ / नहीं / पता नहीं |

| **12A. SSA का वार्षिक अनुदान** नोटः यदि स्कूल में 2 अलग मुख्य अध्यापक और उनके अलग SSA बैंक खाते हों, तो कृपया कक्षा 1 से 4/5 की जानकारी लें | अप्रैल 2013 से मार्च 2014 तक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | यदि हाँ, तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | |
| | हाँ | नहीं | पता नही | हाँ | नहीं | पता नहीं |
| स्कूल रखरखाव अनुदान (SMG) | | | | | | |
| स्कूल अनुदान/स्कूल विकास अनुदान (SDG) | | | | | | |
| शिक्षक अनुदान (TLM) (सभी शिक्षकों के लिए) | | | | | | |
| नई कक्षा अनुदान | | | | | | |

| **12A. SSA का वार्षिक अनुदान** नोटः यदि स्कूल में 2 अलग मुख्य अध्यापक और उनके अलग SSA बैंक खाते हों, तो कृपया कक्षा 1 से 4/5 की जानकारी लें | अप्रैल 2014 से सर्वेक्षण के दिन तक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | यदि हाँ, तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | |
| | हाँ | नहीं | पता नही | हाँ | नहीं | पता नहीं |
| स्कूल रखरखाव अनुदान (SMG) | | | | | | |
| स्कूल अनुदान/स्कूल विकास अनुदान (SDG) | | | | | | |
| शिक्षक अनुदान (TLM) (सभी शिक्षकों के लिए) | | | | | | |
| नई कक्षा अनुदान | | | | | | |

| **12B. विद्यालय में की गई गतिविधियाँ** निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन सी गतिविधियाँ अप्रैल 2013 से की गई? (उचित स्थान पर निशान लगाएँ) | | हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|---|---|
| निर्माण | नई कक्षा का निर्माण | | | |
| मरम्मत | पुताई/लेप चढ़ाना | | | |
| | पीने के पानी की सुविधा की मरम्मत | | | |
| | शौचालय की मरम्मत | | | |
| खरीद | चटाई, टाट-पट्टी की खरीद | | | |
| | चार्ट, ग्लोब या अन्य शैक्षिक सामग्री की खरीद | | | |

| | |
|---|---|
| **विद्यालय से जाने का समय** | |



# F. विद्यालय में जाकर क्या करें?

## सामान्य निर्देश

- गाँव के किसी एक सरकारी विद्यालय (कक्षा 1 से 7/8) में जाएँ। यदि गाँव में कक्षा 1 से 7/8 का कोई विद्यालय न हो, तो उस सरकारी विद्यालय में जाएँ जहाँ कक्षा 1 से 4/5 के बच्चों का नामांकन सबसे अधिक हो। ऐसे सरकारी विद्यालय में न जाएँ जहाँ कक्षा 1 से 4/5 तक की कोई कक्षा न हो। यदि गाँव में कक्षा 1 से 4/5 का कोई सरकारी विद्यालय न हो, तो किसी भी विद्यालय में न जाएँ। विद्यालय अवलोकन प्रपत्र के उपरी दाएँ तरफ के खाने में विद्यालय प्रकार के अनुसार चिन्ह लगाएँ।
- मुख्याध्यापक से मिलें। यदि मुख्याध्यापक मौजूद न हों, तो सबसे वरिष्ठ शिक्षक से मिलें। वह आपके उत्तरदाता होंगे। उन्हें असर के बारे में बताते हुए अपना उद्देश्य समझाएँ और पत्र दें। विनम्र रहें। मुख्याध्यापक और अन्य अध्यापकों को आश्वासित करें कि विद्यालय का नाम किसी को भी बताया नहीं जाएगा।
- उत्तरदाता से उनका फोन नंबर माँगें और उन्हें बताएँ कि यह जानकारी रीचेक के लिए ली जा रही है।
- विद्यालय में प्रवेश करने का समय, दिन और दिनांक नोट करें।
- उत्तरदाता से नामांकन रजिस्टर या कोई अन्य औपचारिक दस्तावेज़ माँगें जिसमें विद्यालय के नामांकन की जानकारी हो।

## भाग 1: बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति

- सभी कक्षाओं के नामांकन रजिस्टर मंगवाएँ और कुल नामांकित बच्चों की संख्या भरें। यदि एक कक्षा के अनेक सेक्शन (अनुभाग) हों, तो सभी सेक्शन का कुल नामांकन दर्ज करें।
- हर एक कक्षा में जाकर बच्चों की उपस्थिति स्वयं गिनकर दर्ज करें। यदि एक से अधिक कक्षाओं के बच्चे मिलजुल कर, इकट्ठे बैठे हुए हैं, तो शिक्षक की सहायता से अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को गिनें। इस स्थिति में कक्षावार हर कक्षा के बच्चों को अपने हाथ उठाने के लिए कहें। फिर उठे हुए हाथ गिनें ओर उसके अनुसार ध्यान से अवलोकन प्रपत्र में कक्षावार उपस्थिति दर्ज करें। **ध्यान रहे कि केवल उन बच्चों को गिनना है जो उस समय कक्षा में उपस्थित हों।**
- एक से अधिक सेक्शन वाली कक्षा की उपस्थितिः उन सभी सेक्शन के बच्चों को गिनें और उनको जोड़कर कुल उपस्थिति लिखें।

**उदाहरणः**

| 1. बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति | कक्षा 1 | कक्षा 2 | कक्षा 3 | कक्षा 4 | कक्षा 5 | कक्षा 6 | कक्षा 7 | कक्षा 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बच्चों का नामांकन (खुद रजिस्टर से लें)। यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कुल नामांकन लिखें। | 30 | 35 | 40 | 39 | 55 | 60 | 25 | 20 |
| सर्वेक्षण के दिन उपस्थित बच्चे* | 16 | 23 | 37 | 28 | 35 | 40 | 20 | 20 |

*नोटः कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या गिनकर लिखें। यदि एक से अधिक कक्षा के बच्चे एक साथ बैठे हों, तो प्रत्येक कक्षा के अनुसार बच्चों को हाथ उठाने को कहें और इसके आधार पर प्रत्येक कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या लिखें। यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो सभी सेक्शन की उपस्थिति गिनें और फिर कुल उपस्थिति लिखें।

## भाग 2: विद्यालय में पढ़ाई का माध्यम (official)

- निर्देश के माध्यम के लिए इस्तेमाल होने वाली मुख्य भाषा को नोट करें। यदि विद्यालय में पढ़ाने के एक से अधिक माध्यम हों, तो दिए गए खानों में उन्हें नोट करें।

## भाग 3: शिक्षक

- उत्तरदाता से पूछें कि विद्यालय में कितने शिक्षक नियुक्त हैं। कार्यकारी (Acting)/प्रभारी मुख्याध्यापक को भी एक नियमित शिक्षक के रूप में ही गिनें। Deputation पर आए हुए मुख्याध्यापक को नियमित मुख्याध्यापक में गिनें। सरकारी शिक्षकों की गिनती में मुख्याध्यापक को न गिनें।
- विद्यालय में सर्वेक्षण के समय कितने मुख्याध्यापक/शिक्षक उपस्थित हैं, यह खुद गिनकर प्रपत्र में लिखें।
- यदि विद्यालय में पैरा-शिक्षक (para-teacher) हों, तो उसे अलग से नोट करें। (पैरा-शिक्षक की परिभाषाः जो टीचर अनुबंध (contract) पर हों और जिनका वेतन नियमित शिक्षकों से अलग हो।) कई राज्यों में पैरा-शिक्षक (para-teacher) को विभिन्न नामों से जाना जाता है जैसे कि शिक्षा मित्र, स्वयंसेवी शिक्षक, पंचायत शिक्षक, विद्या Volunteer आदि।
- NGO के स्वयंसेवकों को शिक्षकों में न गिनें।

**उदाहरणः**

| 3. शिक्षक | कुल नियुक्ति (पूछें) | कुल उपस्थित (अवलोकन करें) |
|---|---|---|
| मुख्य अध्यापक (प्रभारी मुख्य अध्यापक को न गिनें) | 1 | 0 |
| नियमित सरकारी शिक्षक (मुख्य अध्यापक को न गिनें) | 4 | 3 |
| पैरा-शिक्षक (Para-teacher) | 2 | 2 |

## भाग 4: कक्षा का अवलोकन

**विद्यालय अवलोकन प्रपत्र का यह अनुभाग केवल कक्षा 2 और कक्षा 4 के लिए है।** यदि एक कक्षा के एक से अधिक सेक्शन हों, तो किसी एक सेक्शन को रैंडम रूप से चुनें। बच्चे अक्सर मिश्रित समूहों में बैठे होते हैं इसलिए कक्षावार बच्चों की पहचान करने के लिए आपको शिक्षकों से मदद लेनी पड़ सकती है।

**निम्नलिखित का अवलोकन करें और प्रपत्र पर चिन्हित करें:**

- बच्चों के बैठने की व्यवस्था: क्या कई कक्षाओं के बच्चे एक क्लासरूम में एक साथ बैठे हैं या एक कक्षा के बच्चे अलग बैठे हैं?
- क्या इस कक्षा के लिए ब्लैक बोर्ड है या नहीं। यदि हाँ, तो क्या आप उस पर आसानी से लिख सके?
- कक्षा में जहाँ बच्चे बैठे हुए हैं, क्या वहाँ पाठ्य पुस्तकों के अलावा कोई अन्य शिक्षण सामग्री है जैसे दीवार पर चार्ट, बोर्ड खेल आदि। दीवार पर की गई चित्रकारी को हम शिक्षण सामग्री में नहीं गिनेंगे।
- बच्चे कहाँ बैठे हैं (कमरे में, बरामदे में या खुली जगह में)?

**उदाहरण:**

<table>
<tr><th colspan="6">4. कक्षा का अवलोकन</th></tr>
<tr><td colspan="6">उचित स्थान पर निशान लगाएँ</td></tr>
<tr><td colspan="2" rowspan="2">अवलोकन करें (यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कोई एक चुनें)</td><td colspan="2">कक्षा 2</td><td colspan="2">कक्षा 4</td></tr>
<tr><td>हाँ</td><td>नहीं</td><td>हाँ</td><td>नहीं</td></tr>
<tr><td colspan="2">क्या इस कक्षा के बच्चे किसी और कक्षा के बच्चों के साथ बैठे हुए हैं?</td><td>✓</td><td></td><td></td><td>✓</td></tr>
<tr><td colspan="2">क्या इस कक्षा के लिए ब्लैक बोर्ड है?</td><td>✓</td><td></td><td>✓</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">यदि हाँ, तो क्या आप ब्लैक बोर्ड पर आसानी से लिख सके?</td><td>✓</td><td></td><td></td><td>✓</td></tr>
<tr><td colspan="2">पाठ्य पुस्तकों के अलावा क्या कक्षा में आपने कोई अन्य शिक्षण सामग्री देखी (जैसे कि अन्य किताबें, दिवारों पर लगे चार्ट, बोर्ड खेल आदि)?</td><td></td><td>✓</td><td>✓</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">इस कक्षा के बच्चे कहाँ बैठे हुए हैं?<br>(किसी एक पर निशान लगाएँ)</td><td>कमरे में</td><td colspan="2"></td><td colspan="2">✓</td></tr>
<tr><td>बरामदे में</td><td colspan="2">✓</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>खुली जगह पर</td><td colspan="2"></td><td colspan="2"></td></tr>
</table>

## भाग 5: मध्याह्न भोजन (MDM)

- उत्तरदाता से पूछें कि क्या आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन परोसा गया है।
- अवलोकन करें कि मध्याह्न भोजन पकाने के लिए कोई रसोई घर है।
- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में आज खाना पकाया जा रहा है।
- अवलोकन करें कि आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन परोसा गया था। (मध्याह्न भोजन से जुड़े सबूत जैसे कि गंदे बर्तन या बाहर से मंगाया गया भोजन आदि देखें)। इसके अनुसार चिन्हित करें।

**उदाहरण:**

<table>
<tr><th colspan="3">5. मध्याह्न भोजन</th></tr>
<tr><td>उचित स्थान पर निशान लगाएँ</td><td>हाँ</td><td>नहीं</td></tr>
<tr><td>क्या आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन दिया गया? (पूछें)</td><td>✓</td><td></td></tr>
<tr><td>क्या मध्याह्न भोजन पकाने के लिए कोई रसोई घर है? (अवलोकन करें)</td><td>✓</td><td></td></tr>
<tr><td>क्या आपने विद्यालय में मध्याह्न भोजन पकाए जाते हुए देखा? (अवलोकन करें)</td><td></td><td>✓</td></tr>
<tr><td>क्या आपने बच्चों को आज मध्याह्न भोजन दिए जाने का कोई सबूत देखा?<br>(जैसे कि गंदे बर्तन या बाहर से मंगाया गया भोजन आदि) (अवलोकन करें)</td><td>✓</td><td></td></tr>
</table>

### भाग 6: सुविधाओं का अवलोकन

**निम्नलिखित का अवलोकन करें और उसके अनुसार प्रपत्र पर चिन्हित करें:**

- ध्यान से गिनें कि विद्यालय में कुल कितने पक्के कमरे हैं (शौचालय के अलावा)। साथ ही गिनें कि आज कितने कमरे पढ़ाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं।
- अवलोकन करें कि विद्यालय में ऑफिस/स्टोर/office-cum-store है या नहीं। इनमें से किसी एक के होने पर 'हाँ' के अंतर्गत् निशान लगाएँ।
- अवलोकन करें यदि विद्यालय में खेल का मैदान है। (खेल के मैदान की परिभाषा: विद्यालय के परिसर में समतल खेलने के लिए मैदान होना चाहिए और/या खेलने के उपकरण (स्लाईड, झूले) मौजूद हों)।
- अवलोकन करें यदि पुस्तकालय की किताबें हैं। अलमारी में रखी हुई किताबें भी इसमें शामिल होंगी।
- यदि पुस्तकालय की किताबें हैं, तो अवलोकन करें यदि किताबें बच्चों द्वारा प्रयोग की जा रही हैं।
- अवलोकन करें यदि विद्यालय में कोई हैंडपंप/नल है। यदि हाँ, तो क्या आप उससे पानी पी सके। यदि कोई हैंडपंप/नल नहीं है या मौजूदा हैंडपंप/नल से पानी नहीं पिया जा सकता है, तो देखें कि क्या किसी अन्य तरह से पीने के पानी की कोई उपलब्धता है या नहीं।
- अवलोकन करें यदि स्कूल की पूरी सीमा दीवार या fencing है या नहीं। इसमें गेट का होना आवश्यक नहीं है।
- अवलोकन करें यदि विद्यालय में बच्चों द्वारा प्रयोग करने के लिए कम्प्यूटर है। यदि हाँ, तो क्या आपने बच्चों को कम्प्यूटर का प्रयोग करते हुए देखा?

**उदाहरण:**

| **6. सुविधाओं का अवलोकन** | | |
|---|---|---|
| शौचालय के अलावा विद्यालय में पक्के कमरों की कुल संख्या? (खुद गिनकर लिखें) | | 5 |
| सर्वेक्षण के दिन पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कमरों की कुल संख्या (खुद गिनकर लिखें) | | 3 |
| **उचित स्थान पर निशान लगाएँ** | **हाँ** | **नहीं** |
| क्या विद्यालय में ऑफिस/स्टोर/office-cum-store है? | ✓ | |
| क्या विद्यालय में खेल का मैदान है? | | ✓ |
| क्या विद्यालय में पुस्तकालय की किताबें हैं? | ✓ | |
| यदि हाँ, तो क्या आपने बच्चों को पुस्तकालय की किताबों का प्रयोग करते हुए/पढ़ते हुए देखा? | | ✓ |
| क्या आपने विद्यालय में हैंडपंप/नल देखा? | ✓ | |
| यदि हैंडपंप/नल है, तो क्या आप उस हैंडपंप/नल से पानी पी सके? | ✓ | |
| यदि हैंडपंप/नल नहीं है या इस्तेमाल करने योग्य नहीं है, तो क्या पीने के पानी की उपलब्धता है? | | |
| क्या विद्यालय की पूरी चारदीवारी या बाड़ (fencing) है? | ✓ | |
| क्या विद्यालय में बच्चों के प्रयोग के लिए कम्प्यूटर है? | ✓ | |
| यदि हाँ, तो क्या आपने बच्चों को कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हुए देखा? | | ✓ |

### भाग 7: शौचालय

- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में सामायिक शौचालय (सभी के लिए), लड़कियों के लिए अलग शौचालय, लड़कों के लिए अलग शौचालय और शिक्षकों के लिए अलग शौचालय हैं।
- यदि आप ये न पहचान पाएँ कि कौन सा शौचालय किसके लिए है, तो मुख्य अध्यापक, किसी शिक्षक, या बच्चे से पूछें।
- हर प्रकार के शौचालय के लिए नोट करें कि वह ताले से बंद है या नहीं। यदि ताले से बंद नहीं है, तो नोट करें कि क्या वह शौचालय इस्तेमाल करने योग्य है या नहीं। **इस्तेमाल करने योग्य शौचालय का अर्थ है कि, शौचालय में प्रयोग के लिए पानी उपलब्ध हो (नल/फ्लश/जमा किया गया पानी) तथा कम से कम बुनियादी स्तर की सफाई हो।**
- यदि एक से अधिक सामायिक शौचालय या अन्य प्रकार के शौचालय हों, तो उस शौचालय की जानकारी लें जो बेहतर स्थिति में है।

उदाहरण:

| 7. शौचालय (अवलोकन करें) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शौचालय | क्या शौचालय है? | | यदि हाँ, तो क्या वह ताले से बंद है? | | यदि खुला है, तो क्या वह प्रयोग करने योग्य है? | |
| | हाँ | नहीं | बंद है | बंद नहीं है | हाँ | नहीं |
| लड़की | | ✓ | | | | |
| लड़का | | ✓ | | | | |
| सामायिक | ✓ | | | ✓ | ✓ | |
| शिक्षक | ✓ | | ✓ | | | |

## भाग 8: सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE)

- उत्तरदाता से पूछें कि क्या उन्होंने सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) के बारे में सुना है।
- यदि उन्होंने कभी सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) के बारे में नहीं सुना है, तो इस भाग में दिए गए आगे के प्रश्न न पूछें।
- यदि उन्होंने सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) के बारे में सुना है, तो उनसे पूछें कि कितने शिक्षकों को सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) का मैनुअल/प्रपत्र मिला है।
- यदि विद्यालय में शिक्षकों को मैनुअल/प्रपत्र मिला है, तो उत्तरदाता से सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) का मैनुअल/प्रपत्र दिखाने को कहें और इसके अनुसार उचित खाने में निशान लगाएँ।

उदाहरण:

| 8. सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्या आपने सतत् व्यापक मूल्यांकन/CCE के बारे में सुना है? (पूछें) | | | हाँ ✓ | नहीं |
| **यदि हाँ,** | | | | |
| इस विद्यालय में कितने शिक्षकों को सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) मैनुअल या प्रपत्र मिला है? (पूछें) | सभी को | कुछ को ✓ | किसी को नहीं | पता नहीं |
| **यदि मैनुअल या प्रपत्र मिला है, तो उत्तरदाता से उसे दिखाने को कहें** | | | | |
| क्या आप सतत् व्यापक मूल्यांकन (CCE) मैनुअल या प्रपत्र देख सके? (पूछें और अवलोकन करें) | | | हाँ | नहीं ✓ |

## भाग 9: विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC)

- उत्तरदाता से पूछें कि क्या वर्तमान में इस विद्यालय के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) गठित है।
- यदि हाँ, तो पूछें विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) की पिछली बैठक कब हुई।
- पूछें कि पिछली बैठक में कितने सदस्य उपस्थित थे।

उदाहरण:

| 9. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) | | |
|---|---|---|
| क्या वर्तमान में इस विद्यालय के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) गठित है? (पूछें) | हाँ ✓ | नहीं |
| यदि हाँ, तो विद्यालय प्रबंधन समिति की पिछली बैठक कब हुई? (पूछें) | 10/06/2014 (dd/mm/yyyy) | |
| पिछली बैठक में कितने सदस्य उपस्थित थे? (पूछें और संख्या लिखें) | 11 | |

## भाग 10: विद्यालय विकास योजना (SDP)

- पूछें कि क्या 2013-14 में विद्यालय के लिए विद्यालय विकास योजना (SDP) बनाई गई है (चाहे SMC के प्रश्नों के कुछ भी उत्तर मिलें)। DISE प्रपत्र को SDP न मानें।
- यदि हाँ, तो उत्तरदाता से विद्यालय विकास योजना (SDP) दिखाने को कहें और उसके आधार पर चिन्ह लगाएँ।

उदाहरण:

| 10. विद्यालय विकास योजना (SDP) | | |
|---|---|---|
| क्या 2013-14 में आपके विद्यालय के लिए विद्यालय विकास योजना (SDP) बनाई गई? (पूछें) **(DISE प्रपत्र को SDP न मानें)** | हाँ ✓ | नहीं |
| यदि हाँ, तो क्या आप विद्यालय विकास योजना (SDP) स्वयं देख सके? (पूछें और अवलोकन करें) | हाँ | नहीं ✓ |

## भाग 11: विद्यालय अनुदान की जानकारी (SSA)

कृपया अंतिम पृष्ठ 26 पर दी गई अनुदान की जानकारी का उपयोग इन अनुदानों की परिभाषा को समझने के लिए करें।

मुख्याध्यापक और अन्य शिक्षकों को आश्वासित करें कि विद्यालय का नाम किसी को भी बताया नहीं जाएगा।

- इस भाग की जानकारी मुख्याध्यापक से लेनी है। मुख्याध्यापक की अनुपस्थिति में सबसे वरिष्ठ शिक्षक से यह जानकारी लें। उत्तरदाता के पद (मुख्य अध्यापक/शिक्षक/पैरा-शिक्षक) पर सही का निशान लगाएँ।
- हो सकता है कक्षा 1 से 7/8 वाले स्कूल में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक भागों में दो अलग-अलग मुख्य अध्यापक हों और 2 अलग-अलग SSA पासबुक हों। उत्तरदाता से पूछें कि क्या दो या उससे ज़्यादा पासबुक हैं। उसके अनुसार उचित विकल्प (हाँ/नहीं/पता नहीं) पर सही का निशान लगाएँ।

## भाग 12A: SSA का वार्षिक अनुदान

उत्तरदाता से यह सवाल नम्रतापूर्वक पूछें। यदि उत्तरदाता जवाब न देना चाहें या जवाब देने में झिझक रहे हों, तो फिर उन पर दबाव न डालें और सर्वेक्षण प्रपत्र के अगले भाग 12B के प्रश्न पूछें।
यदि विद्यालय के पास दो या उससे अधिक SSA पासबुक हों, तो केवल प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 4/5) की जानकारी लें। हम चार प्रकार के SSA अनुदान के बारे में जानकारी लेंगे – विद्यालय रखरखाव अनुदान/School Maintenance Grant (SMG), विद्यालय विकास अनुदान/School Development Grant (SDG), शिक्षक अनुदान/Teacher Learning Material (TLM) और नई कक्षा अनुदान। हर अनुदान के लिए हमें यह जानकारी दो समय अवधियों के लिए चाहिए। पहली: वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए (1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2014) और दूसरी: वित्तीय वर्ष 2014-15 (1 अप्रैल 2014 से सर्वेक्षण के दिन तक) के लिए।

- प्रत्येक अनुदान के लिए पहले पूछें कि विद्यालय को 2013-14 (अप्रैल 2013 से मार्च 2014 तक) में अनुदान प्राप्त हुआ है कि नहीं और उचित विकल्प (हाँ/नहीं/पता नहीं) के अंतर्गत् चिन्हित करें।
- यदि हाँ, (स्कूल को अनुदान प्राप्त हुआ है), तो पूछें 'क्या आपने पूरी राशि खर्च की' और निम्नलिखित के अनुसार चिन्हित करें:
  - 'हाँ' पर तभी निशान लगाएँ यदि पूरी राशि खर्च की गई हो।
  - 'नहीं' पर तभी निशान लगाएँ यदि कुछ भी खर्चा न हुआ हो या पूरी राशि खर्च नहीं की गई हो।
  - 'पता नहीं' पर तभी निशान लगाएँ यदि खर्च के बारे में उन्हें कोई जानकारी न हो।
- अब इसी तरह से बाकी तीन अनुदानों के बारे में पूछें।

जिस तरह से हमने वित्तीय वर्ष 2013-14 (1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2014) के अनुदानों के बारे में पूछा है, उसी प्रक्रिया से 1 अप्रैल 2014 से सर्वेक्षण के दिन तक के अनुदानों के लिए पूछें।

**उदाहरण:**

| 12A. SSA का वार्षिक अनुदान<br>नोट: यदि स्कूल में 2 अलग मुख्य अध्यापक और उनके अलग SSA बैंक खाते हों, तो कृपया कक्षा 1 से 4/5 की जानकारी लें | अप्रैल 2013 से मार्च 2014 तक | | | | | | नोट: यदि स्कूल में 2 अलग मुख्य अध्यापक और उनके अलग SSA बैंक खाते हों, तो कृपया कक्षा 1 से 4/5 की जानकारी लें | अप्रैल 2014 से सर्वेक्षण के दिन तक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | यदि हाँ, तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | | | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | यदि हाँ, तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | |
| | हाँ | नहीं | पता नहीं | हाँ | नहीं | पता नहीं | | हाँ | नहीं | पता नहीं | हाँ | नहीं | पता नहीं |
| स्कूल रखरखाव अनुदान (SMG) | ✓ | | | ✓ | | | स्कूल रखरखाव अनुदान (SMG) | ✓ | | | | ✓ | |
| स्कूल अनुदान/स्कूल विकास अनुदान (SDG) | ✓ | | | | ✓ | | स्कूल अनुदान/स्कूल विकास अनुदान (SDG) | ✓ | | | | ✓ | |
| शिक्षक अनुदान (TLM) (सभी शिक्षकों के लिए) | ✓ | | | ✓ | | | शिक्षक अनुदान (TLM) (सभी शिक्षकों के लिए) | ✓ | | | ✓ | | |
| नई कक्षा अनुदान | | ✓ | | | | | नई कक्षा अनुदान | | ✓ | | | | |

## भाग 12B: विद्यालय में की गई गतिविधियाँ (अप्रैल 2013 से अब तक)

इस भाग में हम यह जानना चाहते हैं कि क्या विद्यालय में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई थी। गतिविधियों को निम्न रूप से वर्गीकृत किया गया है: निर्माण, मरम्मत और खरीद। पूछें कि क्या निम्नलिखित गतिविधियाँ (नई कक्षा का निर्माण, पुताई/लेप चढ़ाना, पीने के पानी की सुविधा की मरम्मत, शौचालय की मरम्मत, आदि) और उचित खाने में (हाँ/नहीं/पता नहीं) में सही का निशान लगाएँ।

उदाहरणः

| 12B. विद्यालय में की गई गतिविधियाँ<br>निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन सी गतिविधियाँ अप्रैल 2013 से की गई? (उचित स्थान पर निशान लगाएँ) | | हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|---|---|
| निर्माण | नई कक्षा का निर्माण | | ✓ | |
| मरम्मत | पुताई/लेप चढ़ाना | ✓ | | |
| | पीने के पानी की सुविधा की मरम्मत | | ✓ | |
| | शौचालय की मरम्मत | | ✓ | |
| खरीद | चटाई, टाट-पट्टी की खरीद | ✓ | | |
| | चार्ट, ग्लोब या अन्य शैक्षिक सामग्री की खरीद | | ✓ | |

**संक्षेपः विद्यालय में जाकर क्या करें?**

√ गाँव के किसी एक सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में जाएँ जिसमें कक्षाएँ 1-7/8 हों।

√ मुख्याध्यापक से मिलें। यदि मुख्याध्यापक न हों, तो स्कूल के सबसे वरिष्ठ शिक्षक से मिलें। उन्हें असर के बारे में बताते हुए अपना उद्‌देश्य समझाएँ और पत्र दें।

√ सभी कक्षाओं के नामांकन रजिस्टर देखने की माँग करें और कुल नामांकित बच्चों की संख्या भरें। उपस्थिति स्वयं गिनकर दर्ज करें।

√ निर्देश के माध्यम के लिए इस्तेमाल होने वाली मुख्य भाषा/भाषाओं को नोट करें।

√ शिक्षकों की कुल नियुक्ति और उपस्थिति नोट करें।

√ कक्षा 2 और कक्षा 4 का अवलोकन करते हुए कक्षा की जानकारी भाग भरें।

√ मध्याह्न भोजन की जानकारी भरें। सुविधाओं का अवलोकन करें और जानकारी भरें।

√ अनुदान की जानकारी लें।

**प्रत्येक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक सरकारी स्कूल को हर वर्ष यह स्कूल स्तरीय - SSA अनुदान मिलने चाहिए**

| अनुदान का प्रकार | प्रत्येक स्कूल को कितना मिलता है? | किन उद्देश्यों के लिए? | यह किस पर निर्भर करता है? | इसे कौन खर्च कर सकता है? |
|---|---|---|---|---|
| विद्यालय रखरखाव अनुदान | (5000 रु.-7500 रु.) प्रति स्कूल प्रति वर्ष यदि उस स्कूल में 3 तक क्लासरूम हैं<br><br>(7500 रु.-10000 रु.) प्रति वर्ष यदि उस स्कूल में 3 से अधिक क्लासरूम हैं | स्कूल का रखरखाव जिसमें पुताई, सौंदर्यीकरण तथा इमारत, शौचालय, हैण्डपंप, चारदीवारी, खेल के मैदान आदि की मरम्मत सम्मिलित है। | क्लासरूम की संख्याः स्कूल में 3 या उससे अधिक क्लासरूम हैं। यदि स्कूल में मुख्याअध्यापक कक्ष या कार्यालय कक्ष हो, तो उन्हें क्लासरूम में नहीं गिना जाता है। | केवल SMC ही इस धन को खर्च करने के लिए अधिकृत है। SSA मानदंड यह भी बताते हैं कि समुदाय को भी इस उद्देश्य के लिए योगदान करना चाहिए। |
| | नोटः प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को अलग-अलग स्कूल माना जाता है भले ही वे एक ही इमारत में अथवा किराए पर ली गई इमारत में हों। | | | |
| विद्यालय विकास अनुदान | प्रत्येक प्राथमिक स्कूल को 5000 रु. प्रति वर्ष<br><br>प्रत्येक उच्च प्राथमिक स्कूल को 7000 रु. प्रतिवर्ष<br><br>5000+7000 रु.=12000 रु. यदि वह कक्षा 1-7/8 तक का स्कूल है | स्कूल सामग्री जैसे ब्लैक बोर्ड, बैठने के लिए दरियाँ आदि। साथ ही चॉक, डस्टर, रजिस्टर कार्यालय में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री, खरीदने के लिए। | स्कूल का प्रकारः प्राथमिक स्कूल (कक्षा 1-4/5), उच्च प्राथमिक स्कूल (कक्षा 1-7/8) और सरकारी स्कूल (कक्षा 5/6-7/8) तक का स्कूल। | केवल SMC ही इस अनुदान को खर्च करने के लिए अधिकृत है। |
| | नोटः प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को अलग-अलग स्कूल माना जाता है भले ही वे एक ही परिसर में हों। | | | |
| अध्यापक या TLM अनुदान | प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के सभी अध्यापकों के लिए प्रति अध्यापक 500 रु. प्रति वर्ष | सहायक शिक्षण सामग्री जैसे चार्ट, पोस्टर मॉडल आदि खरीदने के लिए। | अध्यापकः स्कूल में नियुक्त किए गए अध्यापकों की संख्या। | अध्यापक इस अनुदान को खर्च करने के लिए अधिकृत हैं। |

# असर 2014 की प्रतिज्ञा

मैं भारत का नागरिक होने के नाते ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एज्युकेशन रिपोर्ट 2014 में स्वयंसेवक के रूप में भाग लेने का फैसला करता हूँ।

इस प्रयास का उद्देश्य यह है कि इस देश के बच्चों कि शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में नागरिक और सरकार शामिल हों।

पिछले 9 वर्षो से मेरे जैसे कई स्वयंसेवक दूर दराज़ के ज़िलों और सुदूर गाँवों में पहुँच पाएँ हैं।

इस सर्वेक्षण को अत्यंत गंभीरता के साथ करने के लिए हम कश्मीर से केरल तक और गुजरात से अरुणाचल तक गए हैं।

आज 30,000 स्वयंसेवकों के साथ मैं भारत में नागरिकों द्वारा किए जाने वाले सबसे बड़े सर्वेक्षण का हिस्सा बनने जा रहा हूँ।

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि जिन लोगों ने मुझसे पहले काम किया है उनकी ईमानदारी और सोच को आगे बढ़ाऊँगा और आने वाले वर्षो में लोगों के लिए उदाहरण बनूँगा।

मैं सर्वेक्षण प्रपत्र में सही जानकारी इकट्ठा करने के महत्त्व को समझता हूँ और प्रतिज्ञा लेता हूँ कि इसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊँगा।

सर्वेक्षण के दौरान किसी भी परिस्थिति में मैं अपनी ज़िम्मेदारियों से पीछे नहीं हटूंगा।

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि इस अभियान को पूरा करने में और एक बेहतर भारत का निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी अखंडता के साथ निभाऊँगा।

**स्वयंसेवकों के हस्ताक्षर**

1. ......................................   2. ......................................